

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 15 मई 2025 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-3 ■ वर्ष -41 ■ अंक-047 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 16 मई 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### रक्षामंत्री के श्रीनगर दौरे से पहले 3 आतंकी ढेर

**नई दिल्ली, 15 मई।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के दौरे से कुछ घंटों पहले भारतीय सेना ने गुरुवार सुबह अवंतीपोरा के त्राल में तीन आतंकियों को ढेर कर दिया। सेना से जुड़े सूत्रों ने बताया इसमें एक टॉप कमांडर आसिफ शेख भी शामिल है। इसके अलावा आमिर नजीर वानी और यावर अहमद भट्ट को भी ढेर कर दिया गया है। ये तीनों पहलगाम हमले के बाद सरकार की तरफ से जारी 14 आतंकवादियों की लिस्ट में शामिल थे।

### स्कॉर्पियो ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर, सेवानिवृत्त प्राचार्य की मौत

**धमतरी, 15 मई।** जिले के कुरूद थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे 30 पर भीषण सड़क हादसा हुआ. तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ट्रैक्टर को पीछे से जोरदार टक्कर मारी. इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार सेवानिवृत्त प्राचार्य की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं वाहन चालक घायल हुआ है. यह हादसा ग्राम डांडेसरा के पास हुआ. टक्कर इतनी भयानक थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए. वहीं ट्रैक्टर ट्रॉली का पिछला टायर और अन्य हिस्से करीब 10 से 15 फीट दूर जा गिरे. हादसे में स्कॉर्पियो सवार सेवानिवृत्त प्राचार्य मोहनलाल रात्रे की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं वाहन चालक गुलशन रात्रे गंभीर रूप से घायल हो गया, जो स्कॉर्पियो में घंटों तक फंसा रहा. उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है. घायल को स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी से बाहर निकाला गया और तत्काल बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया. घटना की सूचना मिलते ही कुरूद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है.

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी भीषण आग

**कोरबा, 15 मई।** छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित रानी धनराज कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज सुबह भीषण आग लग गई. आग लगने की जानकारी मिलते ही मरीजों, उनके परिजनों और स्टाफ में हड़कंप मच गया. अस्पताल से मरीजों को किसी तरह बाहर सुरक्षित निकाला गया. घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंचे. दमकल की कई गाड़ियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. जानकारी के मुताबिक, आग अस्पताल की तीसरी मंजिल पर स्थित स्टोर रूम में लगी. प्रारंभिक जांच में पाया गया कि ऑक्सीजन कन्सेन्ट्रेटर में शॉर्ट सर्किट की वजह से हादसा हुआ. आगजनी की घटना के बाद प्रसूता महिला और नवजात शिशु को लेकर परिजन अस्पताल के बाहर सड़क किनारे बैठने को मजबूर हो गए. राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जानमाल की बड़ी हानि नहीं हुई, लेकिन समय रहते अगर आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो एक बड़ा हादसा हो सकता था. मरीज, उनके परिजन और स्टाफ बाल-बाल बचे.फिलहाल घटना की जांच जारी है और अस्पताल प्रशासन द्वारा सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जा रही है.

### खाई में मालवाहक गिरने से मासूम की मौत

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, 15 मई।** जिले से हादसे की खबर सामने आ रही है, यहां बुधवार को अमरकंटक से मुंडन संस्कार कराकर लौट रहा परिवार हादसे का शिकार हो गया है, परिवार के सभी लोग एक मालवाहक वाहन में सवार होकर लौट रहे थे, तभी गौरेला-अमरकंटक मार्ग पर सिद्ध बाबा पहाड़ी के पास वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 20 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इस भयावह दुर्घटना में 6 माह की मासूम बच्ची तान्या की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई.

# राफेल उड़ाने वाली महिलाएं सेना की कानूनी शाखा में सीमित क्यों?

**नई दिल्ली, 15 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने सेना की 'जज एडवोकेट जनरल' शाखा में 50-50 चयन मानदंड पर सवाल उठाया है. अदालत ने केंद्र से यह पूछा कि यदि भारतीय वायुसेना में महिलाएं राफेल लड़ाकू विमान उड़ा सकती हैं, तो जेएजी शाखा के लैंगिक रूप से तटस्थ पदों पर महिलाओं की संख्या इतनी कम क्यों है? न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने आठ मई को अधिकारियों अर्शनूर कौर और आस्था त्यागी की याचिका पर अपना निर्णय सुरक्षित रखा. याचिकाकर्ताओं ने अपने समकक्षों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हुए क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त किया, लेकिन महिलाओं के लिए निर्धारित कम रिक्तियों के कारण उन्हें जेएजी विभाग में चयनित नहीं किया गया. कुल छह पदों में से केवल तीन रिक्तियां महिलाओं के लिए थीं, जिसके चलते पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रखा.भाटी ने

**>> सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से किए सवाल**



केंद्र के निर्णय का समर्थन करते हुए बताया कि सेना की सभी शाखाओं में श्रम बल के आकलन और आवश्यकताओं के अनुसार लिंग-विशिष्ट रिक्तियां उपलब्ध हैं. उन्होंने यह भी कहा कि रक्षा सेवाओं में लैंगिक एकीकरण एक महत्वपूर्ण विषय है, जिस पर समीक्षा और अध्ययन की आवश्यकता है. सर्वोच्च न्यायालय ने यह प्रश्न उठाया है कि पदों को लैंगिक रूप से तटस्थ क्यों माना गया है, जबकि रिक्तियों का विभाजन लैंगिकता के आधार पर किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप उच्च योग्यता वाली महिला उम्मीदवारों को शामिल नहीं किया जा सका. जस्टिस दत्ता ने केंद्र और सेना की ओर से उपस्थित अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से प्रश्न किया कि यदि भारतीय वायुसेना में एक महिला राफेल लड़ाकू विमान उड़ा सकती है, तो सेना में जेएजी में अधिक महिलाओं को शामिल करने में इतनी कठिनाई क्यों है?

# मंत्री विजय शाह को सुप्रीम कोर्ट से तगड़ी फटकार

नई दिल्ली, 15 मई। मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में दिए गए विवादित बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार करते हुए साफ कर दिया कि ऐसे विवादित बयान मंत्री पद की गरिमा के अनुकूल नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने मंत्री विजय शाह को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि "आप किस तरह का बयान दे रहे हैं? आप मंत्री हैं और मंत्री होने के नाते ऐसी भाषा का प्रयोग करना उचित नहीं है। यह मंत्री पद को शोभा नहीं देता।" उन्होंने आगे कहा कि जब देश संवेदनशील स्थिति से गुजर रहा हो, तब ऐसे पद पर बैठे व्यक्ति से अनुचित बयान की अपेक्षा नहीं की जा सकती। मुख्य न्यायाधीश ने मंत्री से यह भी पूछा, "क्या आप जानते हैं कि आप कौन हैं?" इस पर विजय शाह के वकील ने जवाब दिया कि उनके मुवक्किल ने माफी मांग ली है और मीडिया ने बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया है। मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी के नाम का उल्लेख करते हुए एक जनसभा में विवादित बयान दिया था, जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया। विवाद बढ़ने पर महू तहसील के मानपुर थाने में विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

**>> हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इंकार**

# त्राल के जंगलों में 3 आतंकी ढेर

**श्रीनगर, 15 मई।** जम्मू-कश्मीर के त्राल में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। सूत्रों के मुताबिक भारतीय सेना ने जैश-ए-मोहम्मद के 3 आतंकियों को एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। जिन तीन आतंकियों को ढेर किया गया है, वे सभी त्राल के रहने वाले हैं। सुरक्षाबल सर्च अभियान चला रहे हैं। सेना से जुड़े सूत्रों ने बताया इसमें एक टॉप कमांडर आसिफ शेख भी शामिल है। इसके अलावा आमिर नजीर वानी और यावर अहमद भट्ट को भी ढेर कर दिया गया है। ये तीनों पहलगाम हमले के बाद सरकार की तरफ से जारी 14 आतंकवादियों की लिस्ट में शामिल थे। हालांकि सेना की तरफ से आतंकियों की मौत की पुष्टि होना बाकी है। दरअसल सुरक्षाबलों को पुलवामा के त्राल के नादेर गांव में 2-3 आतंकियों के छिपे होने की खबर मिली थी, जिसके बाद से सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान आतंकियो ने सेना के जवानों पर फायरिंग की। मोर्चा संभालते हुए जवानों ने मुठभेड़ में तीन आतंकी को मार गिराया। पुलवामा में 48 घंटे में यह दूसरा एनकाउंटर है। इससे पहले मंगलवार को शोपियां में लश्कर के तीन आतंकियों को ढेर किया था। जम्मू-कश्मीर में पिछले 48 घंटों में यह दूसरा एनकाउंटर है। इससे पहले शोपियां जिले के केलर में 13 मई को सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए थे।

# आतंकवाद के खिलाफ हम किसी भी हद तक जा सकते हैं: राजनाथ

**नई दिल्ली, 15 मई।** देश की जनता को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के ख़िलाफ़ भारत द्वारा चलाई गई, अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी कार्रवाई है। पैंतीस-चालीस वर्षों से भारत सरहद पार से चलाये जा रही आतंकवाद का सामना कर रहा है। आज भारत ने पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के ख़िलाफ़ हम किसी भी हद तक जा सकते हैं। पहलगाम में आतंकवादी घटना को अंजाम देकर भारत के माथे पर चोट पहुंचाने का काम किया, भारत की सामाजिक एकता को तोड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने भारत के माथे पर वार किया, हमने उनकी छाती पर घाव दिए हैं। पाकिस्तान के ज़ख्मों का इलाज इसी बात में है कि वह भारत विरोधी और आतंकवादी संगठनों को पनाह देना बंद करे, अपनी ज़मीन का इस्तेमाल भारत के ख़िलाफ़ न होने दे। आपको याद होगा कि



लगभग इक्कीस साल पहले अटलजी के सामने इसी पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में डिक्लेरेशन किया था कि अब उनकी धरती से आतंकवाद एक्सपोर्ट नहीं किया जाएगा। इसका ख़ामियाज़ा अब उसको भारी क़ीमत अदा करके भुगतना पड़ रहा है। और यदि आतंकवाद चलता रहा तो यह क़ीमत लगातार बढ़ने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो-टूक शब्दों में आतंकवाद के ख़िलाफ़ भारत की नीति को परिभाषित कर दिया है, जो यह कहती है कि हिंदुस्तान की सरज़मीं पर किया गया कोई भी आतंकी हमला एक एक्ट ऑफ वार माना जाएगा।

# म्यांमार बॉर्डर पर भारतीय सेना ने 10 उग्रवादियों को किया ढेर

**इंफाल, 15 मई।** भारतीय सेना की ईस्टर्न कमांड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि 14 मई को असम राइफल्स की एक यूनिट ने स्पीयर कॉर्प्स के अंतर्गत न्यू समताल गांव, खेंगजॉय तहसील में यह ऑपरेशन लॉन्च किया। यह इलाका भारत-म्यांमार अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब है, जो अक्सर उग्रवादी गतिविधियों का केंद्र बना रहता है। सेना के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि म्यांमार सीमा से लगे न्यू समताल गांव के पास संदिग्ध सशस्त्र उग्रवादियों की गतिविधियों की पुख्ता खुफिया जानकारी के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई। सेना के अनुसार, "ऑपरेशन के दौरान जब जवानों ने इलाके में घेराबंदी की, तभी संदिग्ध उग्रवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने संयम और रणनीति के साथ फायरिंग की। इस मुठभेड़ में 10 उग्रवादियों को ढेर कर दिया। सेना ने यह भी बताया कि भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। इस ऑपरेशन को 'कैलिब्रेटेड' यानी योजनाबद्ध और सटीक बताया गया है।सूत्रों के अनुसार, इलाके में और भी उग्रवादी छिपे होने की आशंका के मद्देनजर सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है।

# यह अडानी-अंबानी की सरकार है, आपकी नहीं: राहुल गांधी

**नई दिल्ली, 15 मई।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अंबेडकर छात्रावास में छात्रों को संबोधित करने के लिए मंच पर पहुंचे, बावजूद इसके कि पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। बिहार कांग्रेस के दावों के अनुसार, दरभंगा जिला प्रशासन ने उन्हें यह कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार पुलिस ने मुझे रोकने की कोशिश की। लेकिन वे मुझे रोक नहीं पाए क्योंकि आपकी सत्ता मुझ पर नज़र रख रही है। हमने पीएम नरेंद्र मोदी से कहा कि आपको जनगणना करानी होगी। राहुल ने कहा कि आपके दबाव में पीएम नरेंद्र मोदी ने देश में जाति जनगणना की घोषणा की। आपके दबाव से डरकर उन्होंने संविधान को अपने माथे पर रख लिया। लेकिन उनकी सरकार लोकतंत्र, संविधान और अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। यह अडानी-अंबानी की सरकार है, आपकी नहीं। मैं गारंटी देता हूं कि जैसे ही देश और



बिहार में हमारी सरकार बनेगी, और जो आप चाहते हैं वो सब लागू करेंगे। राहुल ने साफ तौर पर कहा कि बिहार की पुलिस ने मुझे रोकने को कोशिश की, लेकिन रोक नहीं पाई। वो हमें इसलिए नहीं रोक पाई, क्योंकि मेरे पीछे युवाओं की शक्ति है। दुनिया की कोई ताकत मुझे रोक नहीं सकती। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश की 90% आबादी को अपनी ताकत समझनी होगी। आपका ध्यान भटकाकर आपको रोका जा रहा है। ब्यूरोक्रेसी, कॉर्पोरेट इंडिया, एजुकेशन सिस्टम, मेडिकल सिस्टम में इस 90% आबादी का कोई नहीं मिलेगा। लेकिन...अगर मनरेगा की लिस्ट निकालेंगे तो उसमें सिर्फ दलित, पिछड़ा और आदिवासी वर्ग के लोग मिलेंगे। सारे के सारे कांट्रैक्ट, सारा धन चंद लोगों के हाथ में जाता है और आपको उल्टी-सीधी बातें बताकर आपका ध्यान भटकाया जाता है, इसलिए आपको एक साथ खड़े होना है।उन्होंने कहा कि देश में दलितों, पिछड़ों, अतिपिछड़ों और आदिवासियों के साथ 24 घंटे अन्याय होता है। आपके साथ भेदभाव होता है और आपको शिक्षा के सिस्टम में रोका जाता है। इसलिए हमारी मांग है: सही तरीके से जातिगत जनगणना कराई जाए। प्राइवेट कॉलेज और यूनिवर्सिटी में आरक्षण लागू हो।

# बीजापुर-दंतेवाड़ा में जवानों के साथ सीएम बनाएंगे आगे की योजना

**रायपुर, 15 मई।** कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में हाल ही में चले सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान ने छत्तीसगढ़ में उग्रवाद के किले को हिलाकर रख दिया है। इस ऐतिहासिक मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 31 खूंखार नक्सलियों को मार गिराया, जिनमें संगठन के उच्च रैंक एसीएम और डीवीसीएम स्तर के कैडर शामिल थे। अब इस ऐतिहासिक सफलता को स्थायी बदलाव में बदलने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं मौके पर पहुंचकर बहादुर जवानों से न केवल मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाएंगे बल्कि आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री आज बीजापुर और दंतेवाड़ा की सीमाओं पर स्थित गलगम के सीआरपीएफ कैंप पहुंच रहे हैं। वे सिर्फ जवानों का हौसला बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि उन्हीं जांबाज़ों के साथ बैठकर अगली रणनीति तय करने के लिए जा रहे हैं। इस यात्रा का असल मकसद कर्रेगुट्टा जैसे रणनीतिक क्षेत्र में मिली सैन्य जीत को विकास और स्थायी शांति में बदलना है।



कर्रेगुट्टा का इलाका अब तक नक्सलियों का सुरक्षित गढ़ माना जाता था, लेकिन यहां से 450 से ज्यादा आईईडी डिफ्यूज किए गए, बड़ी मात्रा में हथियार और पहली बार नक्सलियों द्वारा तैयार की गई दो मेगा स्नाइपर गन जब्त हुई। यह संकेत है कि नक्सल आंदोलन न केवल कमज़ोर हुआ है, बल्कि पहली बार घबराहट में है। ऐसे में मुख्यमंत्री की यह यात्रा आने वाले महीनों में नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने की दिशा में निर्णायक मानी जा रही है। शाम को बीजापुर में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री न केवल सुरक्षा अभियान की समीक्षा करेंगे, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, संचार और युवाओं के लिए रोजगार जैसे विकास कार्यों की भी गहराई से समीक्षा करेंगे।

# आरक्षक की कुचलकर हत्या, 4 गिरफ्तार

**बलरामपुर, 15 मई।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के सनावल थाना क्षेत्र में रेत का अवैध खनन और परिवहन रोकने गए आरक्षक की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को झारखंड के गढ़वा से गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश की जा रही है । सनावल थाना क्षेत्र के ग्राम लिबरा में 12 मई 2025 की रात करीब 11 बजे सनावल की पुलिस टीम और वन विभाग की टीम कनहर नदी पर रेत के अवैध उत्खनन की सूचना पर कार्रवाई के लिए पहुंची थी। कार्रवाई के दौरान भाग रहे एक ट्रैक्टर को रोकने की कोशिश कर रहे आरक्षक शिव बचन सिंह को एक ट्रैक्टर चालक कुचलकर भाग निकला था। गंभीर रूप से घायल आरक्षक शिव बचन सिंह की रामानुजगंज लाने के दौरान मौत हो गई। मामले की जांच में जुटी सनावल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 103(1), 109, 121(1), 132, 221, 61(2), 3(5), 238, 249 एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33(1)(ख), 52 और खान एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 04/21 के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस की 4 टीमें लगातार झारखंड में छापेमारी कर रही थी.पुलिस ने मामले में आरोपी आरीफूल हक (24 वर्ष), जमील अंसारी (41 वर्ष), शकील अंसारी (22वर्ष), तीनों निवासी सेराजनगर, जिला गढ़वा (झारखंड) और अकबर अंसारी(50 वर्ष) निवासी अरसली, गढ़वा (झारखंड) को गिरफ्तार किया है।

# स्टील प्लांट में ब्लास्ट, 4 मजदूर घायल

**रायगढ़, 15 मई।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले अंतर्गत पूंजी पथरा गांव में आज सुबह मां मनी स्टील प्लांट में एक बड़ा हादसा हो गया. संयंत्र में फर्नेस ब्लास्ट (भट्ठी विस्फोट) की घटना के दौरान 4 मजदूर झुलस गए, जिनमें से 2 की हालत नाजुक बताई जा रही है. सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के अनुसार, घायलों में अनुज कुमार (उम्र- 35 वर्ष), सुधीर कुमार (उम्र 47 वर्ष), रामानंद सहनी (उम्र 40 वर्ष) और संजय श्रीवास्तव (उम्र 52 वर्ष) शामिल हैं. सुबह-सुबह ये सभी मजदूर रोज की तरह अपने काम में लगे थे. इसी दौरान अचानक फर्नेस में धमाका हुआ, जिससे वहां काम कर रहे ये चारों मजदूर चपेट में आ गए. विस्फोट इतना तेज था कि आसपास के अन्य कर्मचारी भी दहशत में आ गए. घायलों की पहचान की जा रही है, लेकिन प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चारों मजदूर बिहार के निवासी हैं, जो मां मनी प्लांट में ठेके पर कार्यरत थे. इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में रखा गया है.



हादसे की सूचना मिलते ही पूंजी पथरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया. फिलहाल प्लांट में काम बंद कर जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस और फैक्ट्री प्रबंधन इस बात की जांच कर रहे हैं कि ब्लास्ट किस कारण हुआ और क्या सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था. पूंजी पथरा क्षेत्र में लगातार औद्योगिक दुर्घटनाओं के बढ़ने से यह बात साफ हो जाती है कि इलाके में लग रहे एक के बाद एक उद्योगों में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने के चलते दुर्घटनाओं में तेजी आई है. बीते 3 दिनों के भीतर हुई 3 घटनाएं हुई हैं. इससे यह बात भी समझ आने लगी है कि उद्योगों में कार्यरत मजदूरों को सुरक्षा के अभाव में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है.

# भारत ने 23 मिनट तक जाम रखा था पाकिस्तान का 'चीनी एयर डिफेंस सिस्टम'

**नई दिल्ली, 15 मई।** पहलगाम हमले के बाद भारत ने 6-7 मई की दरमियानी रात ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च कर पाकिस्तान और पीओके में बैठे 100 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया था। वहीं पाकिस्तान के हमला के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के कई शहरों में ड्रोन से हमला किया था। दोनों देशों के सीजफायर के बाद अब पाकिस्तान में हुई तबाही के निशान के इमेज और वीडियो सामने आ रहे हैं। साथ ही नये-नये खुलासे हो रहे हैं। भारत-पाकिस्तान युद्ध पर एक और खुलासा हुआ है कि किस तरह भारतीय सेना ने पाकिस्तान के चीनी एयर डिफेंस सिस्टम को 23 मिनट तक जाम रखा था। इसके बाद किस तरह आतंकियों पर कहर बनकर टूटा। 8 मई की सुबह, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के कई इलाकों में मौजूद एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया था। इसमें लाहौर का एक एयर डिफेंस सिस्टम भी शामिल था, जिसे पूरी तरह निष्क्रिय कर दिया था। भारतीय वायुसेना ने नूर खान और रहीम यार खान जैसे प्रमुख पाकिस्तानी एयरबेस को टारगेट किया और "लॉइटरिंग म्यूनिशन" यानी आत्मघाती ड्रोन का प्रभावी इस्तेमाल कर दुश्मन के रडार, मिसाइल सिस्टम और हाई-वैल्यू टारगेट्स को ध्वस्त कर दिया था। लॉइटरिंग म्यूनिशन ऐसी हथियार प्रणालियां हैं जो लक्ष्य क्षेत्र में चक्कर लगाकर उपयुक्त लक्ष्य की तलाश करती हैं.

# रेत माफियाओं ने किया पटवारी और पत्रकार पर जानलेवा हमला, 8 गिरफ्तार

**बालोद, 15 मई।** छत्तीसगढ़ में रेत माफिया की दबंगई थमने का नाम नहीं ले रही है. बलरामपुर में आरक्षक की हत्या के बाद अब बालोद जिले में रेत माफियाओं ने पटवारी और पत्रकार पर हमला कर अपनी दहशत का नया चेहरा दिखाया है. यह हमला उस वक्त हुआ जब पटवारी अवैध रेत भंडारण की सूचना पर जांच के लिए पहुंचे थे और स्थानीय पत्रकार इसकी कवरेज कर रहे थे. जानकारी के मुताबिक, यह पूरा मामला पुरुर थाना क्षेत्र के ग्राम मरकाटोला का है, जहां अवैध रेत भंडारण की शिकायत पर पटवारी मौके पर जांच के लिए पहुंचे थे. उनके साथ स्थानीय पत्रकार भी कवरेज के लिए वहां मौजूद थे. इसी दौरान रेत माफिया और उनके गुर्गों ने मिलकर दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया. पत्रकार की शिकायत के आधार पर पुरुर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि इस हमले का मुख्य आरोपी अभी फरार है. पुलिस की टीमें उसकी तलाश में जुटी हुई हैं. यह घटना ऐसे समय पर सामने



आई है जब बलरामपुर में अवैध रेत खनन रोकने गए एक आरक्षक की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी गई थी. इस मामले में बीती रात 4 आरोपी को गिरफ्तार किया गया. अब बालोद में सामने आए इस हमले ने प्रशासन की गंभीरता और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

# शहबाज को तुर्की ने बताया अनमोल भाई

**करांची, 15 मई।** ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ पाकिस्तान का साथ देकर तुर्की ने खुद के पैर पर कुल्हाड़ी नहीं बल्कि कुल्हाड़ी पर ही पैर मार दिया है। भारत से पंगा लेना तुर्की को भारी पड़ सकता है। इसका असर भी दिखने लगा है। भारत में तुर्की के बायकाट की मांग उठने लगी है। मध्य प्रदेश के विदिशा में लोग सड़कों पर उतरे और तुर्की के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। जगह जगह तुर्की के सामानों के बहिष्कार के पोस्टर लगाए गए। तुर्की के खिलाफ नारेबाजी की गई और लोगों ने पुतला फूंक कर अपनी नागाजगजी जताई। तुर्की को लेकर लोगों में काफ नाराजगी है। तुर्की में बने ड्रोन जिन्होंने भारत को निशाना बनाने की कोशिश की गई थी। तुर्की की तरफ से पाकिस्तान के समर्थन में बयानबाजी भी की गई। लोगों में इस बात को लेकर भी नाराजगी है जब तुर्की मुसीबत में था तो पाकिस्तान नहीं बल्कि हिंदुस्तान मदद का हाथ लेकर सबसे पहले पहुंचा था। अहसानफरामोश तुर्की ने आतंक परस्त पाकिस्तन का साथ दिया। भारत के साथ संघर्ष में पाकिस्तान का समर्थन करने के बाद सैकड़ों भारतीय यात्री तुर्किये और अजरबैजान की यात्रा की योजना रद्द कर रहे हैं। भारत की सबसे बड़ी ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसी मेकमाईट्रिप ने पिछले सप्ताह रद्दीकरण में 250% की वृद्धि देखी है, जबकि अजरबैजान और तुर्किये के लिए बुकिंग में 60% की गिरावट आई है, कंपनी के प्रवक्ता के अनुसार। कंपनी ने इन दोनों देशों में पर्यटन को हतोत्साहित करने के लिए सभी प्रचार बंद कर दिए हैं। ये रद्दीकरण तब हुआ जब ट्रैवल पोर्टल ने 9 मई को एक ट्रैवल एडवाइजरी जारी की, जिसमें इन दोनों देशों की यात्रा को सीमित करने की सख्त सलाह दी गई थी, जब तक कि बहुत ज़रूरी न हो।

## एक नजर

### प्रेस क्लब छुरिया के अध्यक्ष बने संजीव गुप्ता, क्लब का किया गया पुनर्गठन



छुरिया, 15 मई। प्रेस क्लब छुरिया का रेस्ट हाउस में बैठक सम्पन्न हुई। जहां क्षेत्र के पत्रकारों ने प्रेस क्लब आम सहमति से पुनर्गठन की किया गया। जिसमें प्रेस क्लब अध्यक्ष संजीव गुप्ता को सर्व सहमति से निवचित किया गया। प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष पद पर शिशुपाल साहू, अकील मेमन एवं सचिव रोहित सिन्हा, कोषाध्यक्ष राधे श्याम शर्मा, संगठन सचिव मनभावन सिंह, मीडिया प्रभारी जसीम कुरैशी, कैलाश गुप्ता, ताहिर खान, मुजम्मिल खान, मुकेश साहू, विजय निषाद को बनाया गया. श्री गुप्ता के प्रेस क्लब अध्यक्ष बनने पर पूरे नगर में हर्ष का माहौल है।

### समाधान शिविर में गीतिका की हुई ई-केवायसी

धमतरी, 15 मई। प्रदेश सरकार द्वारा लोगों की समस्याओं और शिकायतों को दूर करने हेतु समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदेश व्यापी शिविर में ग्रामीणों द्वारा पहले चरण में दिये गये आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जा रही है। वहीं पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। लीलर क्लस्टर में में लगे समाधान शिविर में धमतरी विकासखंड के ग्रम तेन्दूकोना निवासी लकेश्वर यादव ने समाधान शिविर पहुंचकर अपनी बेटी कु गीतिका यादव का केवायसी कराया। उन्होंने बताया कि वे खेती-किसानी और मजदूरी कर अपना और परिवार का जीवन यापन कर रहीं हैं। राशन कार्ड में नाम जोड़ने और ईकेवायसी करने के लिए आवेदन दिया था, जिसका केवायसी कराने के बाद समाधान हो गया है। श्री लकेश्वर ने बताया कि ईकेवायसी नहीं होने के कारण उनकी बेटी को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था, लेकिन अब राशन कार्ड में नाम जुड़ जाने और केवायसी हो जाने से उनकी बेटी को अच्छी शिक्षा, छात्रवृत्ति, पुस्तकें, गणवेश के अलावा शासन की अन्य योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इसके लिए आवेदन दिया और उनके आवेदन का समाधान किया गया। अब लकेश्वर शासन-प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### एकीकृत पुनर्वास केन्द्र संचालन के लिए 15 दिनों में आवेदन आमंत्रित

धमतरी, 15 मई। समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा पीड़ितों के लिए 15 बिस्तरों का एकीकृत पुनर्वास केन्द्र (नशामुक्ति केन्द्र) के संचालन के लिए अगले 15 दिनों में रूचि की अभिव्यक्ति के तहत आवेदन मंगाए गए हैं। उप संचालक, समाज कल्याण ने बताया कि इसके लिए समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त ऐसी संस्थाएं, जिसकी नामावली के कार्यक्षेत्र पूरे छत्तीसगढ़ में उल्लेखित हो, वे अगले 15 दिनों में प्रस्ताव भेज सकते है। इच्छुक संस्था धमतरी जिले की आधिकारिक वेबसाईट www.dhamtari.gov.in पर ''रूचि की अभिव्यक्ति'' पर आवेदन की जानकारी देख सकते हैं। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग के कार्यलय से भी आवेदन पत्र और शर्तों के संबंध में जानकारी ली जा सकती है।

### समाधान शिविर चारभांठा में श्रीमती चनबती को मिला तत्काल श्रमिक कार्ड

राजनांदगांव 15 मई। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के वनांचल ग्राम चारभांठा समाधान शिविर ग्राम कोठीटोला निवासी श्रीमती चनबती घावडे के लिए लाभकारी साबित हुआ। समाधान शिविर में श्रम विभाग के स्टाल में श्रीमती चनबती घावडे का तत्काल श्रमेव जयते मोबाईल एप्प से पंजीयन कर श्रमिक कार्ड बनाकर प्रदान किया गया। श्रीमती चनबती ने कहा कि उन्होंने सोचा नहीं था कि शिविर में तत्काल श्रमिक कार्ड बन जाएगा। श्रमिक कार्ड मिलने पर हितग्राही श्रीमती चनबती ने खुशी जाहिर की। श्रीमती चनबती का श्रमिक कार्ड छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के तहत बनाया गया है। श्रीमती चनबती ने बताया कि उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभ मिल रहा है। अब श्रमिक कार्ड बनने से एक और शासकीय योजनाओं से जुड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजना महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड जैसी योजनाओं से लाभान्वित हो रही है। श्रीमती चनबती ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को जनहितकारी योजनाएं संचालित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही समाधान शिविर में बागनदी निवासी श्रीमती रविना कोचे, श्रीमती सुनीता बाई, श्रीमती ममता तथा कोटनापानी निवासी श्रीमती द्रोपति वर्मा, ग्राम झिंझारी निवासी श्रीमती करूणा, ग्राम कोठीटोला निवासी श्रीमती भारती बाई सोनबोईर और श्रीमती हिरोंदी पडोटी, ग्राम दीवानटोला निवासी श्रीमती ललिता बाई कंवर, ग्राम सीतागोटा निवासी श्रीमती अमरूरा बाई साहू का भी तत्काल श्रमिक कार्ड बनाया गया।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हम सब एकजुटः साय

- तिरंगा यात्रा में उमड़ा जन सैलाब, नागरिकों ने दिया एकजुटता और देशभक्ति का संदेश



रायपुर, 15 मई। मुख्यमंत्री साय आज राजधानी रायपुर में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा की जब भी बात आएगी हम सभी एक हैं। देश के, अपने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और अपनी सेना के साथ हैं। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा में सभी वर्गों के लोग, सेवानिवृत्त सैनिक, समाज सेवी संगठन, आम नागरिक, महिला एवं पुरुष, बच्चों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर एकजुटता, देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में 9 आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह धराशायी कर दिया। हम सभी अपनी सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हैं। आज का भारत नया भारत है, जो किसी भी दुस्साहस का मुंह तोड़ जवाब देने में सक्षम है। हमें सर झुकाने की जरूरत नहीं होगी, हमारा डंका पूरी दुनिया में बजेगा। उन्होंने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी की कुशल कूटनीति के कारण पूरे विश्व में देश का सम्मान बढ़ा है और पाकिस्तान का आतंकवाद को शह देने का चेहरा उजागर हुआ है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी स्थगित हुआ है बंद नहीं हुआ है। उन्होंने कह की आज के इस दौर में हमें अफवाहों से सचेत रहने की जरूरत है। हमें हमारी सेना एवं नेतृत्व में पूर्ण विश्वास है उनके हाथों में देश सुरक्षित है। लोकसभा सांसद रायपुर श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से आज हम एकजुटता का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस अवसर पर जगदलपुर विधायक श्री किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत का नया पैमाना तय किया जा रहा है जिसमें देश के दुश्मनों को मुंह तोड़ जवाब दिया जा रहा है। हमारे सैनिकों पर हमें पूरा विश्वास है उनके शौर्य और पराक्रम से हमारा देश सुरक्षित है। पहलगाम आतंकवादी हमला का जवाब ऑपरेशन सिंदूर हमारे अभिमान का प्रतीक है एवं माता बहनों की उजड़ी मांग के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के संयोजक एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम श्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए देश के 140 करोड़ नागरिक एकजुट हैं, हम सभी सेना के जवानों के साथ खड़े हैं। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश की आन, बान और शान, भारतीय सैनिकों के साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए आज निकली गई तिरंगा यात्रा में लगभग 10 हजार लोग शामिल हुए। तिरंगा यात्रा मरीन ड्राइव से नगर घड़ी चौक तक निकाली गई। जिसमें सभी धर्म, जाति, संप्रदाय और सभी वर्गों के लोग भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ हाथ में तिरंगा थामे शामिल हुए।

# कर्नल सोफिया पर अभद्र टिप्पणी नहीं सहेगा हिन्दुस्तानः कांग्रेस

- शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में मानव मंदिर चौक पर हुआ पुतला दहन

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव, 15 मई। आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान में चले आपरेशन '' सिंदूर'' को लीड करने वाली देश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी पर मप्र के वरिष्ठ मंत्री विजय शाह द्वारा अभ्रद व शर्मशार करने वाली टिप्पणी पर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार 14 मई को मानव मंदिर चौक पर पुतला दहन कर विरोध जताया। जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि देश की बेटी जो आतंकवाद के खिलाफ चले आपरेशन में लीड करने वाले कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अभ्रद व अशोभनीय टिप्पणी करने पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में मानव मंदिर चौक पर भाजपा के मंत्री व भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा भारतीय जनता पार्टी बड़ी-बड़ी बात कर देश की रक्षा करने की बात कहते है वहीं उन्हें के पार्टी के नेता व मप्र के मंत्री विजय शाह के द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के उपर अभ्रद टिप्पणी कर देश को शर्मसार किया है। देश की सेना के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है कांग्रेस इसको कभी बर्दाश्त नहीं करेगी जिसको लेकर आज बुधवार को पुतला दहन किया गया। पुतला दहन में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, कुतबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, जिपं सदस्य महेन्द्र यादव, पंकज बांधव, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, थानेश्वर पाटिला, विवेक वासनिक, मन्ना यादव, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री झम्मन देवांगन, नरेश शर्मा, नासिर जिन्दर्रान, हनी ग्रेवाल, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, अशोक फडनवीस, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, सीताराम श्रीवास, मामराज अग्रवाल, डा.राकेश कुमार, बबलू कसार, संदीप सोनी, मोहसिन कुरैशी, जितेन्द्र सिन्हा, राहुल देवांगन, सागर ताम्रकार, शौर्य वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### 2.0 - धमतरी के चार नगरीय निकायों में 280 नये आवास स्वीकृत

धमतरी, 15 मई। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सभी का पक्के मकानों में रहने का सपना पूरा हो रहा है। शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण इलाका, सरकार प्राथमिकता से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान बनाने के लिए स्वीकृति जारी कर रही है। धमतरी जिले में चार नगरीय निकायों में 280 गरीब परिवारों को जल्द ही पक्के मकान की सौगात मिल जाएगी। सरकार ने आज ही जिले के आमदी, धमतरी, कुरूद और नगरी नगरीय निकायों के लिए 280 प्रधानमंत्री आवासों को स्वीकृति दे दी है। आमदी नगरपंचायत क्षेत्र में 30, धमतरी नगरनिगम क्षेत्र में 203, कुरूद नगर पंचायत क्षेत्र में 22 और नगरी नगर पंचायत क्षेत्र में 25 प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी गई है। यह स्वीकृति प्रधानमंत्री आवास योजना के डीएलसी घटक के तहत दी गई है। इन स्वीकृत आवासों को लाभार्थी द्वारा 18 महीने की अवधि में पूरा कर लेने पर मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान निधि का लाभ भी दिया जाएगा। आवासों के निर्माण के लिए चार किश्तों में हितग्राहियों को ढाई लाख रूपये का अनुदान भी मिलेगा। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज यहां बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत प्रदेश में 54 नगरीय निकायों में 5 हजार 103 नये आवास निर्माण को स्वीकृति दी गई है।

# कलेक्टर ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भूमि का किया निरीक्षण

- कलेक्टर ने शहर के उद्यान एवं पाथवे का सौंदर्यीकरण एवं मरम्मत करने के दिए निर्देश
- उद्यानों में खेल उपकरण की मरम्मत करने तथा विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए कहा

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 15 मई। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज सुबह निगम सीमाक्षेत्र के ग्रामीण वार्ड ढाबा, सिंगदई, मोहड़, कन्हारपुरी का निरीक्षण कर सुगम यातायात के लिए एप्रोच रोड निर्माण हेतु स्थल के अलावा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के उद्यानों का जायजा लेकर आवश्यक मरम्मत एवं रखखाव के साथ ही बारिश में पौधरोपण की तैयारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने ग्रामीण वार्ड सिंगदई, मोहड़ एवं कन्हारपुरी पहुंचकर रिक्त शासकीय भूमि का निरीक्षण कर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने वार्डवासियों की मांग पर आवागमन के लिए एप्रोच रोड हेतु स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भूमि का निरीक्षण किया और खसरा, नक्शा तथा निजी भूमि की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय भूमि का उपयोग जनहित में करना है।

शासकीय भूमि के पास यदि निजी भूमि स्थित है, तो उसकी पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। कलेक्टर ने एथलेटिक्स, सिन्थैटिक ट्रेक निर्माण के लिए ढाबा में नगर सेना आफिस के पीछे स्थित शासकीय भूमि का निरीक्षण किया और भूमि स्थिति की जानकारी ली।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने शहर के उद्यानों शिवाजी पार्क, त्रिवेणी परिसर, पुष्पवाटिका, चौपाटी, कृष्ण कुंज, रामकृष्ण नगर, अमृत उद्यान एवं नेहरू पार्क का जायजा लिया।

# कलेक्टर ने कस्टम मिलिंग एवं धान की नीलामी के संबंध में राईस मिलर्स की बैठक ली

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजनांदगांव 15 मई। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टारेट सभाकक्ष में कस्टम मिलिंग एवं धान की नीलामी के संबंध में राईस मिलर्स की बैठक ली। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में धान खरीदी में धान की मात्रा बढ़ी है। विगत वर्ष की तुलना में अधिक धान की खरीदी हुई है। उन्होंने कहा कि जिले में धान की नीलामी हेतु नीलामी दर के अनुरूप 526 स्टेक धान शेष है, इसके लिए जिले के सभी पंजीकृत मिलर्स को प्राइस मैचिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी मिलर्स को कुछ नया करते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। सभी मिलर्स इस कार्य को गंभीरतापूर्वक करें। प्राइस मैचिंग कर अधिक से अधिक धान के निराकरण का प्रयास करें। बड़े मिलर्स इस कार्य के लिए अधिक धान ले तथा छोटे मिलर्स भी इसमें सहयोग करें। उन्होंने कहा कि 424 स्टेक के लिए प्राइस मैचिंग का कार्य हो गया है, लेकिन धान के उठाव की गति बहुत धीमी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा राशि लेकर धान का उठाव शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संग्रहण के लिए पर्याप्त स्थान है। समय पर धान का उठाव कराएं तथा धान के लिए एफसीआई (भारतीय खाद्य निगम) को सहयोग करें।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने संग्रहण केन्द्रों में नीलाम हो चुके स्टैक की पर्याप्त सुरक्षा के निर्देश जिला विपणन अधिकारी को दिए।

### रेणु पिल्ले ने लीलर में निर्माणाधीन पीएम आवास का किया निरीक्षण

धमतरी 15 मई। प्रदेश की अपर मुख्य सचिव एवं जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्ले आज जिले के प्रवास पर पहुंची। उन्होंने लीलर गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवास का अवलोकन किया। श्रीमती पिल्ले ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित हितग्राही श्रीमती हेमलता नेताम से चर्चा कर योजना का फीडबैक लिया। प्रभारी सचिव ने हितग्राही से आवास स्वीकृत होने का वर्ष, प्राप्त किश्ते, निर्माण सामग्री की खरीदी आदि की जानकारी ली।

# ग्राम गौ जन जागरण यात्रा का समापन

- दिनांक 8 मई पेंड्रीडिह से शुरुवात होकर 12 मई को नंदिनी गौशाला भंडारपुर में हुआ समापन

- तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



छुरिया, 15 मई। नंदनी गौशाला समिति भंडारपुर और गौरीशंकर गौशाला एवं जन कल्याण समिति रानीपुर खड़खड़ी के अगुवाई में तथा बिशेसर पटेल अध्यक्ष गौ सेवा आयोग रायपुर के मार्गदर्शन में ग्राम गौ जन जागरण यात्रा दिनांक 8 से 12 मई तक छुरिया ब्लाक के ग्राम पेंड्रीडिही , आंको ,रानीपुर खड़खड़ी ,रिया टोला, झिथराटोला, मगर धोकरा,शिकारी टोला, बनिया टोला,महाराजपुर ,रामपुर , चिचोला,भर्रीटोला (ब) ,कल्लूटोला ,हालेकोसा ,कोलिहाटोला भंडारपुर, कुकरीटोला , भर्रीटोला, बिसाहूटोला , बरसाटोला, घोरतालाब, तेलीन बांधा, इसी प्रकार डोंगरगढ़ लॉक के टाटेकसा,दीवान टोला, कोठी टोला, सीतागोटा, सेलपार,नवागांव, कनेरी, कारूटोला,मकरनपुर ,खैरबना में किया गया जिसका उद्देश्य हर गांव के घर-घर में गौ पालन ,मानव स्वास्थ्य में गोबर और गोमूत्र का उपयोग, गायों को कत्ल खाना ले जाने से रोकना आदि इनका मुख्य उद्देश्य रहा है चिंताराम साहू संरक्षक नंदिनी गौशाला ने बताया कि जिस जिस गांव में गांव जन जागरण यात्रा गया उसे गांव के मुखिया सरपंच, ग्राम पटेल, पंच ,महिला समूह, बजरंग दल एवं कोटवार आदि को श्रीफल और गुलाल लगाकर उनका सम्मान किया गया तथा सभी ग्रामों में गौ रक्षा के लिए संकल्प दिलाया गया है। इस यात्रा की सभी ग्राम वासियों ने बहुत प्रशंसा किया और भविष्य में इसी प्रकार गाय के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए यात्राएं निकलते रहे जिससे लोगों को प्रेरणा मिलती रहे ।

इस यात्रा में चिंताराम साहू संरक्षक नंदिनी गौशाला, सुखचंद कंवर अध्यक्ष नंदनी गौशाला , हूमन चंद्रवंशी उपाध्यक्ष, हन्नु विश्वकर्मा, रामलाल पटौदी ,हीरालाल गंधर्व, रामेश्वर कंवर, सुषमा कंवर , महाराजी उइके,सूरज लाल चंद्रवंशी, महादेव कवर, लेख राम चंद्रवंशी, जीवनलाल जुड़ावन,उभय राम तारम ,कृष्णा राम कंवर , लीकेश साहू, किशन लाल कंवर अध्यक्ष गौरीशंकर गौशाला, परसराम यादव, महेंद्र चंद्रवंशी, देवनाथ चंद्रवंशी, आदि ने लगतार 5 दिनों तक यात्रा में शामिल रहे।

## समाचार संक्षेप

### नक्सल मुक्त जिला बनाने हेतु पुलिस द्वारा चलाया जा रहा ऑपरेशन प्रयास



मोहला, 15 मई। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में माओवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक वाय.पी.सिंह ने नक्सली कमांडर लोकेश सलामे के परिवारजनों से मुलाकात किए। परिवार जनों से आग्रह किया कि लोकेश सलामे हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसर्पण कर शांतिपूर्वक जीवनयापन और राज्य शासन के पुनर्वास नीति का लाभ उठाने के लिए जिला पुलिस के समक्ष आत्मसर्पण कर दे और आस पास के ग्रामीणों से भी अपील की गई कि कोई भी नक्सली कभी भी नजदीकी पुलिस स्टेशन आकर आत्मसमर्पित कर सकता है और पुनर्वास के सुविधाओ का लाभ ले सकता है। विगत दो माह के अवधि में माड़ क्षेत्र के प्रेस टीम कमांडर पवन तुलावी एवं उसकी पत्नी ने ऑपरेशन प्रयास के तहत पुलिस अधीक्षक के समक्ष आत्मसमर्पण किये है। जिला पुलिस के द्वारा पवन तुलावी के परिवारजनों से संपर्क स्थापित कर आत्मसमर्पण के लिए प्रोत्साहित किया गया जिसका परिणाम है कि पवन ने माड़ से मोहला आकर आत्मसमर्पण किया। पवन तुलावी थाना मदनवाड़ा के दौरदे गांव का निवासी है और वर्ष 2014 से नक्सली संगठन में सक्रिय रहा है। माह अप्रैल 2025 में जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के थाना मदनवाडा ग्राम मुंजाल के निवासी नक्सली कमांडर रूपेश मंडावी ने आत्मसमर्पण किया है। रूपेश मंडावी नक्सली कमांडर लोकेश सलामे के साथ काम कर रहा था। जिला पुलिस के द्वारा ऑपरेशन प्रयास के तहत लगातार रूपेश के परिवारजनों से संपर्क स्थापित करके शासन के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए प्रोत्साहित किया । आज रूपेश मंडावी हथियार छोड़कर आत्मसम्मान की जिंदगी जी रहा है।

### पीएम आवास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मारगांव में हुआ गृह प्रवेश समारोह



डोंगरगांव, 15 मई। ग्राम पंचायत मारगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पूर्ण हुए आवासों का गृह प्रवेश समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम ग्रामवासियों के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण साबित हुआ, जिसमें नए आशियाने का सपना साकार होते देखा गया। गृह प्रवेश कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 के सदस्य श्री कुमान सिंह नेताम शामिल हुए। उनके साथ ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती राधा बाई कंवर, पंचायत सचिव, समस्त पंचगण, आवास मित्र, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ की गई, जिसके पश्चात लाभार्थी परिवारों को उनके नवनिर्मित घरों की चाबियाँ सौंपी गईं। इस अवसर पर लाभार्थियों की आंखों में खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से झलक रहा था। मुख्य अतिथि श्री नेताम ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री आवास योजना की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा, ÷यह योजना गरीब, भूमिहीन और आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के लिए एक नई शुरुआत का माध्यम है। सरकार की यह पहल गरीबो के कल्याण के संकल्प को साकार करती है।

### गैंदाटोला में विकास ठप, समाधान शिविर में क्या मिलेगी राहत?



छुरिया, 15 मई। सरकार की विकास योजनाओं के बावजूद कुछ गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। गैंदाटोला ऐसा ही एक गांव है, जो राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड अंतर्गत आता है। यहां के ग्रामीण वर्षों से कालेज, टू-लेन सड़क, तहसील ,प्रशासनिक सुविधा और बिजली जैसी बुनियादी ज़रूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा 14 मई को ग्राम हैदलकोड़ो में समाधान शिविर का आयोजन किया है, जिसमें गैंदाटोला, बागद्वार, बैरागीभेड़ी, बेलरगोंदी, बिटाल, गहिराभेड़ी, पांडेटोला, जोशीलमती, कोलिहालमती और केशाल जैसे गांवों की समस्याएं सुनी हैं ,ग्रामीणों को इस शिविर से उम्मीद तो है, लेकिन यह आशंका भी है कि कहीं यह शिविर भी केवल औपचारिकता बनकर न रह जाए। गैंदाटोला में कोई कॉलेज नहीं है, जिससे क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए दूर दराज़ जाना पड़ता है। इससे न केवल आर्थिक बोझ बढ़ता है, बल्कि बेटियों की शिक्षा भी बाधित होती है। सुशासन दिवस पर ग्रामीणों ने कॉलेज की मांग को प्रमुखता से उठाया और सैकड़ों लोगों ने ज्ञापन सौंपा, लेकिन अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं आया। स्थानीय छात्र, छात्राये कहते हैं, ÷हमें रोज़ 16-18 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। बारिश के दिनों में स्कूल जाना लगभग असंभव हो जाता है। यदि कॉलेज यहीं होता, तो हम भी आराम से पढ़ पाते।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गैंदाटोला का जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव ने किया आचौक निरक्षण



छुरिया, 15 मई। राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जी खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गैंदाटोला में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का अचौक निरक्षण कर मरीजों व नवजात शिशुओ के मांताओ से भेंट मुलाकात कर उनका हाल चाल जाना। साथ ही डाक्टरो को बेहतर ईजाल व बेहतर व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। जिससे मरीजों व उनके परिवार को बेहतर ईजाल सुविधाएं उपलब्ध हो।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य बिरम मंडावी उपस्थित थे

राजनीति में मौका मिलता है और जो उसको भुना लेता है, वह राजनीति में ज्यादा सफल होता है। देश की राजनीति हो या विदेश नीति हो मौका सबको मिलता है लेकिन सबको मौके का महत्व पता नहीं रहता, पता नहीं रहता है कि करना क्या है, कहना क्या है। कई लोग मौके का ऐसा फायदा उठाते हैं कि सब देखकर वाह वाह करते हैं और कुछ लोग मौके का ऐसा दुरुपयोग करते हैं कि मौका भी बेकार जाता है और आलोचना भी होती है कि ऐसा करने या कहने की जरूरत क्या थी। विश्व के दो नेताओं को मौका मिला और दोनों ने मौके का जैसा उपयोग किया उससे ही पता चल गया कि कौन मौके का फायदा उठाने में माहिर नेता है और कौन मौके को जाया करने में माहिर नेता है।एक नेता है अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और दूसरे नेता है भारत के पीएम नरेंद्र मोदी। भारत ने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने नष्ट किए और आतंकयिों को मारा तो पाक ने इसे देश पर हमला मानकर भारत पर सैन्य कार्रवाई की। यह मौका था कि अमरीका पाकिस्तान को रोकता कि वह भारत पर हमला न करे। अमरीका ने कहा भी लेकिन पाकिस्तान नहीं माना और तीन दिन में भारत के हमले के चलते घुटनों पर आ गया और अमरीका की शरण में जाना पड़ा। जो अमरीका पहले कह रहा था कि यह दोनों देशों के बीच मामला है आपस में निपट लेंगे वह पाकिस्तान के बुरी तरह पीटने पर उसे बचाने के लिए सामने आया और मौके का फायदा उठाने के लिए उसने कहा कि उसके प्रयास से भारत व पाकिस्तान के बीच युध्द विराम हुआ है। हकीकत यह है कि अमरीकी प्रेसीडेंट खुद को विश्व शांति का मसीहा मानते हैं, उनकी कोशिश थी कि जैसे ही वह अमरीका के राष्ट्रपति बने, वैसे ही रूस-यूक्रेन व हमास-इजरायल युध्द रोक दें। उन्हें राष्ट्रपति बने कई माह हो गए हैं ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है जिससे वह विश्वशांति के मसीहा बन सके।टैरिफ के नाम पर उन्होंने कई देशों को डराने व अमरीका की बात मानने के लिए बाध्य करने का प्रयास किया। सबसे बड़ी लड़ाई उनको चीन के साथ लड़नी पड़ी और यह लड़ाई भी हार गए हैं और टैरिफ कम करना पड़ा है। इससे ट्रंप की एक प्रभावी व दूरदर्शी नेता की छबि नही बन पाई है। वह जानते थे कि भारत पाक के बीच किसी तरह की मध्यस्थता भारत पसंद नहीं करेगा और वह ऐसा करेंगे तो दुनिया में मजाक उनका ही बनेगा लेकिन इसके बाद भी उन्होंने भारत व पाक के बीच सैन्य कार्रवाई दोनों के बीच बात होने के बाद रुकने पर कहा कि यह सैन्य कार्रवाई उनके प्रयास से रुकी है। पाकिस्तान तो इसका खंडन नहीं कर सकता था लेकिन

## संपादकीय

भारत को इसका खंडन करना पड़ा कि भारत व पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने की सहमति बनी है तो उसमें अमरीका की कोई भूमिका नहीं है।

## सेना को मोटिवेट किया पाक की पोल खोली

इसके अलावा चीन के दवाब में सैन्य कार्रवाई रोकने सहमति बनने के बाद भी पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई करनी पड़ी और इसका खमियाजा भी अमरीका व पाकिस्तान को भुगतना पड़ा। दुनिया में इस बात हंसी उड़ाई गई कि अमरीका ने कहा सैन्य कार्रवाई पर रोक लगवाई है तो चीन के दवाब में पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई करनी पड़ा और दुनिया में हंसी का पात्र बनना पड़ा। अमरीका व चीन दोनों चाहते हैं कि पाकिस्तान उनकी बात माने। इसलिए दोनों ऐसा कुछ करना या दिखाना चाहते थे कि पाकिस्तान हमारे साथ है, अमरीका ने आईएमएफ से लोन दिलवाया तो चीन ने सैन्य साजोसामान देकर मदद की है। चीन अमरीका दोनो पाकिस्तान के हितैषी बनने का प्रयास किया लेकिन वह पाकिस्तान को भारत के आपरेशन सिंदूर से नहीं बचा सके। पीएम मोदी को इस बार मौका मिलता और वह हर मौके का फायदा उठाकर काम करते गए और ऐसा काम करते गए जो पहले कोई नहीं कर सका था। आतंकवादी हमला कर पाकिस्तान ने पीएम मोदी को मौका दिया वह काम करने का जो आज तक भारत का कोई पीएम नहीं कर सका थ। आपरेशन सिंदूर पीएम मोदी का ऐसा दांव था कि इसकी कोई काट पाकिस्तान,चीन व अमरीका के पास नहीं थी। पहलगाम हमले का जवाब देने के लिए पीएम मोदी सैन्य कार्रवाई ही करना चाहता थे, बड़ी सैन्य कार्रवाई करना चाहते थे।लेकिन यह भी चाहते थे कि उसे पाकिस्तान पर भारत का हमला न माना जाए। इसलिए उन्होंने अपनी सैन्य कार्रवाई को आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई बताया, पाकिस्तान पर हमला नहीं बताया । ऐसी स्थिति मे पाकिस्तान भारत पर सैन्य कार्रवाई करता तो यह पाकिस्तान का भारत पर हमला माना जाता और भारत को पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का हक मिलता। पाकिस्तान ने वैसा ही किया जैसा पीएम मोदी चाहते थे और भारत को पाकिस्तान को ऐसा जवाब देने का मौका मिला जैसा पहले कभी नहीं मिला था। भारत ने तीन दिन में पाकिस्तान की सेना को बता दिया भारत की सैन्य ताकत ऐसी है कि वह पाकिस्तान को कुछ दिन में हरा सकता है।भारत की आर्मी के पाक सीमा में घुसे बिना ही ऐसा तीन दिन में कर दिया गया है। उसके एयरबेस तबाह कर दिए गए। ऐसा कोई शहर नहीं बचा था जो भारत की मिसाइल की जद में न हो।यहां तक कि भारत ने पाकिस्तान व दुनिया को बताया कि पाकिस्तान के एटमी हथियार भी उसकी जद में है और वह चाहे तो उसको भी निशाना बना सकता है। यानी पीएम मोदी ने पहली बार पाकिस्तान को बताया यह नया भारत है, यह पाकिस्तान की एटमी हथियार की धमकी से डरता नहीं है। पीएम मोदी ने पाकिस्तान को बताया कि अब एटमी हथियार रखने वाले पाकिस्तान को भारत से डरना चाहिए कि वह उसके एटमी हथियार को कभी भी नष्ट कर सकता है। पीएम मोदी ने मंगलवार को आदमपुर जाकर सेना का उत्साह बढ़ाया और दुनिया को बताया कि पाकिस्तान ने झूठ कहा था कि उसने यहां का एयरबेस नष्ट कर दिया है,एस400 को नष्ट कर दिया है। पीएम मोदी सेना के बीच जाते रहते हैं,उसकी मजबूती के लिए काम करते रहते हैं, इसलिए वह सेना के बीच देश के तमाम नेताओं से ज्यादा लोकप्रिय हैं।

आपरेशन सिंदूर

# सीजफायर-मोदी की राष्ट्रवाद से यू-टर्न तक की अधूरी कहानी

**अजय कुमार,वरिष्ठ पत्रकार**



भारतीय राजनीति में ऐसे कई क्षण आते हैं जब कोई घटना देश की जनता और सत्ता प्रतिष्ठान के बीच संबंधों को गहराई से प्रभावित करती है। पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में 26 हिन्दुओं की हत्या भी इसी की एक कड़ी थी,जिसका हिसाब चुकाने के लिये मोदी सरकार ने पाकिस्तान पर कड़ा कूटनीतिक और सैन्य प्रहार किया,जिसकी शुरूआत पाकिस्तान के साथ दशकों पुराने चले आ रहे सिंधु जल समझौते के निलंबन से हुई तो 'ऑपरेशन सिंदूर' के रूप में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुस कर ही आतंकवादियों को कब्र में सुला दिया,आपरेशन सिंदूर एक ऐसी ही सैन्य कार्रवाई थी, जो जितनी तेजी से राजनीतिक विमर्श के केंद्र में आई, उतनी ही जल्द वह विवादों और अस्पष्टताओं के भंवर में फंसकर थम गई। यह ऑपरेशन अपने कथित उद्देश्यों के कारण जितना महत्वपूर्ण था, उतना ही इसके अचानक ठहराव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिष्ठा पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए।जब पहलगाम में आतंकियों ने 26 हिन्दुओं को उनका धर्म पूछ कर मारा तो इसका बदला लेने के लिये पूरा देश और विपक्ष मोदी सरकार के साथ खड़ा हो गया।सबने एक सुर में कहा मोदी सरकार जो कार्रवाई करेगी,उसका हम समर्थन करेंगे,प्रधानमंत्री मोदी ने भी सर्वदलीय बैठक बुलाकर सबको संतुष्ट करने में कोई गुरेज नहीं किया,लेकिन जब सीजफायर किया गया तो मोदी सरकार ने किसी से नहीं पूछा। उन विपक्षी नेताओं को भी भरोसे में नहीं लिया जो उनके साथ खड़े हुए थे,यह बात देशवासियों को पसंद नहीं आई। खासकर बीजेपी और मोदी समर्थक भी इस मुद्दे पर बीजेपी और मोदी सरकार के खिलाफ नज़र आये। गौरतलब हो 'ऑपरेशन सिंदूर' की शुरुआत एक गुप्त अभियान के तौर पर हुई थी, जिसका उद्देश्य कथित रूप से कश्मीर घाटी में आतंक के नेटवर्क को समाप्त करना और पाकिस्तान समर्थित तत्वों को निष्क्रिय करना था। इस ऑपरेशन का नाम 'सिंदूर' रखने के पीछे भावनात्मक और सांस्कृतिक प्रतीक था। सिंदूर, जो भारत में सुहागिन स्त्रियों का प्रतीक है। माना जा रहा था कि इस ऑपरेशन के तहत सुरक्षाबलों को 'फ्री हैंड' दिया गया था, और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के मार्गदर्शन में इसे अंजाम तक पहुंचाया जाना था। ऑपरेशन के शुरुआती दिनों में कुछ महत्वपूर्ण गिरफ्तारियाँ और सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकी ठिकानों पर हमले हुए भी थे। लेकिन जैसे-जैसे दिन बीते, यह ऑपरेशन धीरे-धीरे मीडिया से गायब होता चला गया। फिर एक दिन ऑपरेशन सिंदूर जिस तरह अचानक शुरू हुआ था, उतनी ही चुप्पी से वह थम भी गया। इसके पीछे कई कारण माने जा रहे हैं,जिसकी चर्चा करना यहां जरूरी है। कहा जा रहा कि संयुक्त राष्ट्र और पश्चिमी देशों ने भारत से मानवाधिकारों को लेकर




जवाबदेही की मांग की। अमेरिका और यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों ने अप्रत्यक्ष रूप से भारत से 'संवेदनशीलता' बरतने की अपील की। बात देश के भीतर की कि जोय तो ऑपरेशन के चलते स्थानीय जनता में असंतोष बढ़ने लगा था। स्कूल, कॉलेज बंद होने लगे थे और एक बार फिर घाटी में सुधरते हुए के हालात बिगड़ने लगे थे। मोदी सरकार को आगामी चुनावों में उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में मुस्लिम मतों को प्रभावित करने की चिंता थी।

किसी भी प्रकार की कठोर सैन्य कार्रवाई इस वर्ग को और अलग-थलग कर सकती थी। सूत्रों के अनुसार, ऑपरेशन की रणनीति को लेकर रक्षा मंत्रालय और गृह मंत्रालय के बीच मतभेद थे। कुछ वरिष्ठ अधिकारियों का मानना था कि यह समय पूर्ण सैन्य कार्रवाई का नहीं, बल्कि सूक्ष्म कूटनीतिक प्रयासों का था। बहरहाल,वजह कोई भी हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अब तक की छवि एक 'निर्णायक और मजबूत नेता' की रही है। 2016 का सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 का बालाकोट एयर स्ट्राइक उनके इस रूप की पुष्टि करते हैं। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर का अचानक ठहर जाना इस छवि पर धुंध छा जाता है। समर्थकों को लगता है कि सरकार ने एक बार फिर "कठोर कदम" की शुरुआत करके अंत में 'यू-टर्न' ले लिया। यह एक राजनीतिक चाल अधिक और सुरक्षा नीति कम प्रतीत हुआ। वहीं अभी तक मोदी सरकार के साथ खड़ी कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल अब पूरे घटनाक्रम को 'राजनीतिक नौटंकी' करार देते हुए पूछ रहे हैं कि यदि ऑपरेशन ज़रूरी था तो उसे अधूरा क्यों छोड़ा गया? और यदि नहीं था, तो इसकी शुरुआत क्यों की गई? पूर्व सैनिकों और रक्षा विश्लेषकों ने भी यह सवाल उठाया कि जब सैनिकों को 'ऑपरेशन मोड' में लाया गया, तो क्या उन्हें केवल राजनीतिक संदेश देने का माध्यम बनाया गया? उधर, सोशल मीडिया और ज़मीन पर जनता की प्रतिक्रिया मिली-जुली रही। एक ओर राष्ट्रवाद की भावना से भरपूर वर्ग ने इस ऑपरेशन के प्रति उत्साह दिखाया था, लेकिन जब यह बिना निष्कर्ष के थमा, तो वही वर्ग निराश हो गया। दूसरी ओर, शांति और संवाद की वकालत करने वालों ने राहत की सांस ली, पर यह असमंजस बना रहा कि सरकार ने अंततः क्या निर्णय लिया और क्यों। ऑपरेशन सिंदूर की खबरें जब आईं तो प्रमुख चैनलों ने इसे मिशन कश्मीर 2.0 की संज्ञा दी। पैनल चर्चाओं में राष्ट्रवाद की लहरें उठीं, लेकिन जैसे ही ऑपरेशन पर कोई आधिकारिक सूचना आनी बंद हुई, मीडिया ने भी चुप्पी साध ली। इससे यह संदेह और गहरा हुआ कि कहीं यह एक प्रायोजित प्रचार तो नहीं था। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि ऑपरेशन सिंदूर एक प्रतीक बन गया है उस नीति का, जो न तो पूरी तरह सैन्य थी और न ही पूरी तरह कूटनीतिक। इसकी अधूरी परिणति ने यह दिखा दिया कि केवल आक्रामक भाषण और प्रतीकात्मक नामों से जमीनी हकीकत नहीं बदलती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि पर इस अधूरे ऑपरेशन ने निश्चित रूप से असर डाला है, विशेषकर उस वर्ग में जो उन्हें निर्णायक नेतृत्व का प्रतीक मानता रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष**-आज आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम रखने की आवश्यकता है। आप लोगों से अपने काम को आसानी से निकालने में कामयाब रहेंगे। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेने की आवश्यकता है। कोई काम यदि पूरा होने में समस्या आ रही थी, तो उसके लिए आप अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे।

वृषभ-आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप बड़े बुजुर्गों की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे। आप अपनी चतुर बुद्धि का प्रयोग करके लोगों को आसानी से मात देने में कामयाब रहेंगे। आप अपने घर किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। डिजाइनिंग का काम कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिलने की संभावना है। आप अपने घर के रिनोवेशन के बारे में भी प्लानिंग कर सकते हैं।

**मिथुन**-आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। भाई व बहनों की मदद से आपको अच्छा फायदा मिल सकता है। दोस्तों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपके विरोधी आपको पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। आपको अपनी जिम्मेदारियों से घबराने की आवश्यकता नहीं है और यदि आप किसी यात्रा पर जाएं, तो उसमें थोड़ा सावधानी बरतें, क्योंकि आपको कोई चोट आदि लगने की संभावना है।

**कर्क**-आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। व्यापार में आपको कुछ नए अवसर मिलेंगे। धन लाभ होगा। आपको किसी काम को लेकर यदि कोई चिंता थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याओं से आपको राहत मिलेगी। आप अपने कामों को पूरा करने के लिए ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं। आपके मन में यदि किसी बात को लेकर कोई संशय बना हुआ था, तो वह भी दूर होगा। नौकरी में भी आपको मन मुताबिक काम मिलेगा।

**सिंह**-आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती हैं। आपको बेवजह की भागदौड़ लगी रहेगी। आपके परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आ सकती है। आप अपने बिजनेस में भी कोई बदलाव कर सकते हैं। आपको कोई काम पूरा करके अपने किसी मित्र से मदद लेनी होगी। शेयर मार्केट में निवेश करना आपके लिए बेहतर रहेगा।

**कन्या**-आज का दिन आपके लिए बुद्धि व विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों को धैर्य व साहस से निपटाने की आवश्यकता है। आपको दूसरों के मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। प्रॉपर्टी को लेकर आपके घर में कोई विवाद खड़ा हो सकता है, जिसमें आप बड़े सदस्यों की राय अवश्य लें। आपको अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है। आपने घर व बाहर बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध किया, तो इससे आपकी जीवनसाथी से भी कहा सुनी हो सकती है।

**तुला**-आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। बच्चों को अच्छा काम करते देख आपका मन खुश रहेगा। जीवनसाथी को आप कहीं शॉपिंग आदि पर लेकर जाने की योजना बना सकते हैं। आप किसी के बहकावे में आकर किसी नए काम में हाथ ना डालें, नहीं तो कोई नुकसान हो सकता है। आपको अपने लेनदेन से संबंधित मामलों पर पूरी निगरानी बनाकर रखनी होगी। नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**वृश्चिक**-आज का दिन आपके लिए उलझनो में भरा रहने वाला है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। जो लोग विदेशों से व्यापार कर रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आपके कुछ नए मित्र बनेंगे और सामाजिक क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे, लेकिन नौकरी में कार्यरत लोग अपने बॉस से अपने रिश्तों को बेहतर रखें, इसलिए आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की आवश्यकता है। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है, जिसे आप पूरे अवश्य करेंगे।

**धनु**-आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है, उनकी कोई बड़ी डील फाइनल होगी। आपको कहीं भी बाहर घूमने फिरने जाने से बचना होगा, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे। रचनात्मक कार्य में आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी पुराने लेनदेन से छुटकारा मिलेगा।

**मकर**-आज का दिन आपके लिए किसी जोखिम भरे काम को करने से बचने के लिए रहेगा। आपको आर्थिक मामला में बहुत ही संभल कर चलने की आवश्यकता है, इसलिए आप किसी को धन उधार देने से बचे। संतान की शिक्षा में यदि कुछ समस्याएं आ रही थी, तो उनके लिए आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। आपके विरोधी सक्रिय रहेंगे, जो आपको परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आपको किसी नई नौकरी का ऑफर आ सकता है, लेकिन फिलहाल पुरानी में ही टिके रहे, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

**कुंभ**-आज का दिन आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहने वाला है। आपका मन धार्मिक कामों में खूब लगेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। संतान को तरक्की करते देख आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको शीघ्रगामी में वाहनों के प्रयोग से भी सावधान रहने की आवश्यकता है। आप अपने परिवार में सदस्यों की जरूरतों पर पूरा ध्यान देंगे और उन्हें आसानी से पूरा भी कर पाएंगे। बिजनेस में आप कोई बदलाव कर सकते हैं।

**मीन**-आज आपको अपनी आय और व्यय भी में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है, तभी आपका दिन बेहतर रहेगा, नहीं तो आपके खर्च अधिक रहेंगे। आपका मन कोई काम पूर्ण होने से परेशान रहेगा, लेकिन आप अपनी इनकम को बढ़ाने के प्रयासों में तेजी लाएंगे। रोजगार की तलाश में भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। लव लाइफ के लिए समय बेहतर रहने वाला है।

गंभी समस्या

# भारत में ज़हरीली शराब से नरसंहार कब तक?

**किशन सनमुखदास भावनानीं**



वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के हर देश के शौकीनों के लिए शराब को एक अमृत रस के रूप में टॉनिक की उपमा दी जाती है। खुशी के अनेकों मौकों पर शराब दावत को देखा जा सकता है। मैं ग्राउंड रिपोर्टिंग में देखा हूं कि, नाम मात्र की परमिशन ज़रूर होती है परंतु नियमों विनिमयमों कानूनों की धज्जियां जवाबदेही रखने वालों के नाक के नीचे उड़ती है, बंद लिफाफा होटों पर टेप और आखों पर पट्टी का काम करता है, यह तो हाई प्रोफाइल समिति का उदाहरण है,ठीक वैसे हीबॉटम स्तर पर दारू भट्ठियों, मोहल्ला चौकों,में नंबर दो की तथाकथित नकली एथोनल का उपयोग कर बनाई गई शराब का सेवन मध्यम वर्ग, गरीब वर्ग, मजदूर वर्ग करते हैं, यहां भी इन्हीं जवाबदेहों के होटों पर लिफाफे की टेप और आँखों पर पट्टी लगा दी जाती है, जिनके परिणाम स्वरुप पंजाब में बटाला तरनतारन संगरूर जैसे कांड तथा भारत के अनेकों राज्यों में अनेकों केस होते रहते हैं जिनकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहेहैं,क्योंकि दिनांक 13 मई 2025 को पंजाब अमृतसर के पास मजीठा गांव में जहरीली शराब पीने से देर रात्रि 12 तक मेरी जानकारी के अनुसार 21 लोगों की मृत्यु की खबर मीडिया मेंआ चुकी थी। सीएम साहब ने मृत्को के परिवार वालों को 10 लाख रुपयों के मुआवजे की घोषणा की है,व घटना से जुड़े 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (हत्या) व 105 (गैरइरादतन हत्या) के साथ आबकारी अधिनियम,अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण)अधिनियम संबंधी धाराएं लगाई गई है। परंतु मैं एक अधिवक्ता होने के नाते देखता रहा हूं कि नकली जहरीली शराब से जुड़े परिवार वालों के लिए मुआवज़े की घोषणा, आरोपियों की गिरफ्तारी, जमानत, निचली अदालत से ऊपरी कोर्ट तक प्रक्रिया चलती है, तबतक पीड़ित परिवार वालों की जिंदगी शायद समाप्त हो जाती होगी? चूँकि भारत में जहरीली शराब रोकने ऑपरेशन सिंदूर-2 की सख़्त ज़रूरत है, तथा सभी राज्यों में एक कॉमन बात कि,नकली शराब से जुड़े परिवार वालों के लिए मुआवजे की घोषणा, आरोपियों की गिरफ्तारी,जमानत बॉटम से ऊपरी कोर्ट तक वर्षों तक कानूनी प्रक्रिया चलती है तब तक पीड़ित परिवार वालों की जिंदगी शायद समाप्त हो जाती है? इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में जहरीली शराब का नरसंहार आख़िर कब तक? मृतकों के घर क़े चूल्हे उजड़ बन रहे मातमगाह, कब जागेगी सरकार? बता दें इस आर्टिकल में दी गई जानकारी की सटीकता का प्रमाण नहीं है, क्योंकि यह इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से उठाई गई है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 13 मई 2025 को जहरीली शराब सेवन कांड की करें तो, अमृतसरःपंजाब के अमृतसर जिले के मजीठा ब्लॉक में जहरीली शराब पीने से 21 लोगों की मौत हो गई है, जिससे इलाके में मातम छा गया है, यह घटना ब्लॉक के भंगाली कलां,थारीवाल संघा और मरारी कलां जैसे गांवों में हुई। जिला प्रशासन ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है।पंजाब सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इस मामले में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं और 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, उन चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है जो सप्लायरों से शराब खरीदकर गांवों में बेच रहे थे, इस घटना को लेकर पंजाब पुलिस के महानिदेशक(डीजीपी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि,दुर्भाग्यपूर्ण घटना में नकली शराब के कारण हुई दुखद मौतों के बाद पंजाब पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की, जिनमें मुख्य सरगना और कई स्थानीय विक्रेता शामिल हैं, ऑनलाइन खरीदे गए मेथनॉल का इस्तेमाल नकली शराब बनाने में किया गया था। पूरे मामले की जांच चल रहीहै, ताकि कार्य प्रणाली का पता लगाया जाए और सभी दोषियों को न्याय के कठघरे में लाया जाए।

साथियों बात अगर हम भारत में जहरीली शराब क़े कहरः की करें तो,2014 से 2022 तक किस साल कितनी मौतें हुई, (1) 2014ः अवैध शराब के सेवन से 1,699 मौतें हुईं। (2) 2015ः 1,624 घटनाओं में 1,522 लोगों की जान गई. महाराष्ट्र (278), पुडुचेरी (149) और मध्य प्रदेश (246) में सबसे ज़्यादा मौतें हुईं। (3) 2016ः 1,073 घटनाओं में 1,054 मौतें दर्ज की गईं. मध्य प्रदेश (184) और हरियाणा (169) में सबसे ज़्यादा लोगों ने अपनी जान गंवाई। (4) 2017ः 1,497 घटनाओं में 1,510 मौतें हुईं. कर्नाटक (256), मध्य प्रदेश (216) और आंध्र प्रदेश (183) में हालात गंभीर रहे। (5) 2018ः 1,346 घटनाओं में 1,365 लोगों की जान गई,मध्य प्रदेश (410) और कर्नाटक (218) में सबसे ज़्यादा मामले सामने आए। (6) 2019ः 1,141 घटनाओं में 1,296 मौतें हुईं. मध्य प्रदेश (410) और कर्नाटक (268) में स्थिति चिंताजनक बनी रही। (7) 2020ः 931 घटनाओं में 947 लोगों की जान गई. मध्य प्रदेश (214) और झारखंड (139) में सबसे ज़्यादा मौतें हुईं। (8) 2021ः 708 घटनाओं में 782 मौतें हुईं। उत्तर प्रदेश (137) और पंजाब (127) में सबसे ज़्यादा मामले दर्ज किए गए। (9) 2022ः 507 घटनाओं में 617 मौतें हुईं। बिहार (134) और कर्नाटक (98) में अवैध शराब का कहर जारी रहा।

साथियों बात अगर हम मजीठा कांड में लगाई गई भारतीय न्याय संहिता की धाराओं को समझने की करें तो,भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में धारा 103 हत्या के लिए सजा का प्रावधान करती है, जबकि धारा 105 गैर- इरादतन हत्या के लिए सजा का प्रावधान करती है। धारा 103 के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति हत्या करता है, तो उसे मृत्युदंड या आजीवन कारावास और जुर्माना लगाया जा सकता है। धारा 105 के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति हत्या की श्रेणी में न आने वाला गैर-इरादतन हत्या करता है, तो उसे आजीवन कारावास या 5 से 10 वर्ष का कारावास और जुर्माना लगाया जा सकता है। धारा 103ः हत्या के लिए सजा (1) यदि कोई व्यक्ति हत्या करता है, तो उसे मृत्युदंड या आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी और वह जुर्माने से भी दंडनीय होगा। (2) यदि पांच या अधिक व्यक्तियों का समूह नस्ल, जाति या समुदाय, लिंग, जन्म स्थान, भाषा, व्यक्तिगत विश्वास या किसी अन्य समान आधार पर हत्या करता है, तो ऐसे समूह के प्रत्येक सदस्यको मृत्युदंड या आजीवनकारावास की सजा दी जाएगी और जुर्माना भी देना होगा। साथियों बात अगर हम शराब पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध के बारे में समझने की करें तो,शराब पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध के बारे में क्या? क्या यह सैद्धांतिक रूप से संभव है? यदि ऐसा है, तो केंद्र सरकार शराबबंदी कैसे लागू कर सकती है? खैर, यह देखते हुए कि संविधान संघ को शराब को विनियमित करने की अनुमति नहीं देता है, (केंद्र) सरकार को दो-चरणीय प्रक्रिया का पालन करने की आवश्यकता होगी। तत्काल कदम संविधान में संशोधन करना और शराब को राज्य सूची से संघ सूची में स्थानांतरित करना होगा। इस तरह के संशोधन के लिए प्रत्येक सदन में एक विधेयक पारित करने कीआवश्यकता होगी, जिसे सदन के अधिकांश सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया जाएगा, जिसमें कम से कम 2/3 सदस्य उपस्थित और मतदान करेंगे। यह देखते हुए कि यह संशोधन राज्य की शक्तियों को प्रभावित करता है, इस विधेयक को कम से कम 15 राज्यों (कुल 29 राज्यों में से आधे से कम नहीं) की राज्य विधानसभाओं द्वारा भी अनुमोदित किया जाना चाहिए। क्या यह आज संभव है? इसका जवाब साफ है हां। भाजपा के पास लोकसभा में बहुमत है और 15 राज्यों में उसकी सरकार है। राज्यसभा में अभी उसके पास जरूरी संख्या नहीं है, लेकिन शराबबंदी जैसे मुद्दे पर समर्थकों का एक समूह तैयार हो सकता है। इसलिए अगर वह ऐसा करने का फैसला करती है, तो मेरा मानना है कि वह ऐसा कर सकती है। (यह अलग बात है कि उत्तर प्रदेश सहित भाजपा शासित किसी भी राज्य ने शराब की उपलब्धता कम करने की कोशिश नहीं की है, जिसके मुख्यमंत्री हैं )। शराब को संघ सूची में स्थानांतरित करने के बाद, सरकार रातोंरात शराब पर प्रतिबंध लगाने के लिए कार्यकारी आदेश जारी कर सकती है।हालांकि, शराब को संघ सूची में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया आसान नहीं होगी; वास्तव में, यह असंभव है कि वे कभी भी इसे पूरा कर पाएंगे। क्योंकि राज्य निश्चित रूप से शराब पर कर लगाने के अपने अधिकार को छोड़ने के लिए अनिच्छुक होंगे, जैसे पेट्रोल डीजल पर जीएसटी लाने के,यह देखते हुए कि यह उनके स्वयं के कर राजस्व का 25-30 पेर्सेंट हिस्सा है, और चुनावों और अन्य पार्टी गतिविधियों के लिए नकद निधि का एक आसान स्रोत है। शराब के विनियमन को संघ सूची में स्थानांतरित करने के संशोधन को निश्चित रूप से राज्यों की ओर से कानूनी चुनौती मिलेगी, जो बहुत जल्दी सुप्रीम कोर्ट तक पहुँच जाएगी, क्योंकि यह एक तरह का संवैधानिक विवाद बन जाएगा। यदि यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुँचता है, तो बेंच मामले और इस संशोधन का मूल्यांकन कैसे कर सकती है?

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे किभारत में ज़हरीली शराब से नरसंहार कब तक?- मृतकों के घर के चूल्हे उजड़ बन रहे मातमगाह-कब जागेगी सरकारें?भारत में ज़हरीली शराब रोकने ऑपरेशन सिंदूर- 2 की सख़्त ज़रूरत ! नक़ली ज़हरीली शराब से मृतक के परिवारों के लिए मुआवजे का ऐलान,आरोपियों की गिरफ्तारी, जमानत निचली से ऊपरी कोर्ट तक की प्रक्रिया-पीड़ित परिवारों की जिंदगी समाप्त?

# वेदांता ने की एल्युमीनियम उद्योग के अपशिष्ट से ग्रेफाइट प्राप्त करने सफल प्रक्रिया की घोषणा

**रायपुर 15 मई।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 2025 पर, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक, वेदांता एल्युमीनियम ने घोषणा की कि उसे अपनी ब्रेकथ्रू टेक्नोलॉजी के लिए पेटेंट मिल गया है, जो एल्युमीनियम उद्योग के कचरे से उच्च शुद्धता वाले ग्रेफाइट (>99त्न) की रिकवरी को सक्षम बनाता है। यह उपलब्धि इस वर्ष की थीम- 'यंत्र- नव प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं त्वरण को आगे बढ़ाने के लिए युगांतर' की भावना को दर्शाती है, जो औद्योगिक कचरे को एक रणनीतिक राष्ट्रीय संसाधन में बदलने पर केन्द्रित है।

हमारा भारत राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मना रहा है, ऐसे में वेदांता एल्युमीनियम का पेटेंट भारतीय उद्योग की गहन तकनीकी नवाचार क्षमता का प्रमाण है, जो कि आत्मनिर्भर भारत, नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन और नेट ज़ीरो लक्ष्यों जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों के संग चल रहा है।

पेटेंट प्रक्रिया को वेदांता एल्युमीनियम की इन-हाउस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) टीम ने सीएसआईआर- इंस्टीट्यूट ऑफ मिनरल्स एंड मटेरियल्स टेक्नोलॉजी (आईएमएमटी), भुवनेश्वर के सहयोग से विकसित किया है। यह एल्युमीनियम उत्पादन के दौरान उत्पन्न दो अपशिष्ट धाराओं स्पेंट पॉट लाइनिंग (एसपीएल) और शॉट ब्लास्ट डस्ट से बैटरी-ग्रेड



ग्रेफाइट को पुनर्प्राप्त यानि रिकवर करता है। यह इनोवेशन न सिर्फ भारत की सर्कुलर अर्थव्यवस्था और स्थिरता प्राथमिकताओं के अनुरूप है, बल्कि यह आयातित ग्रेफाइट पर भारत की निर्भरता को भी काफी हद तक कम करने की क्षमता भी रखता है, जो वर्तमान में 70 प्रतिशत से ज्यादा है। रिकवर्ड ग्रेफाइट ने दर्शाया है कि उसमें लिथियम-आयन बैटरी एप्लीकेशंस के लिए उपयुक्त असाधारण विद्युत चालकता और संरचनात्मक गुण मौजूद हैं। इसकी परमाणु संरचना इसे लिथिएशन और डी-लिथिएशन के लिए अत्यधिक प्रभावी बनाती है, जो बैटरी परफॉर्मेंस के लिए महत्वपूर्ण प्रक्रियाएँ हैं। इस उपलब्धि पर बोलते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ राजीव कुमार ने कहा, ''भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों, एनर्जी स्टोरेज और हाई-टेक इलेक्ट्रॉनिक्स की माँग आसमान छूने वाली है, ऐसे में हमारा पेटेंट समाधान समय के अनुकूल और परिवर्तनकारी दोनों है। यह भारत के महत्वपूर्ण खनिजों के रोडमैप में हमारे योगदान को पुख्ता करता है, साथ ही ज़ीरो-वेस्ट और भविष्य के अनुकूल मैन्युफैक्चरिंग के हमारे दृष्टिकोण को भी बढ़ावा देता है।'' 2024 में, भारत ने लगभग 41 मिलियन डॉलर मूल्य का प्राकृतिक ग्रेफाइट आयात किया, जिससे वह दक्षिण कोरिया और जापान के साथ एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शीर्ष तीन आयातकों में शामिल हो गया। आयात की यह मात्रा जाहिर करती है कि इलेक्ट्रिक वाहनों और नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण सहित उच्च तकनीक उद्योगों में काम आने वाले खनिजों के मामले में भारत विदेशी स्रोतों कितना निर्भर है। एल्युमीनियम उद्योग के कचरे से उच्च शुद्धता वाले ग्रेफाइट को पुनर्प्राप्त करने के लिए वेदांता एल्युमीनियम की पेटेंट तकनीक इस निर्भरता को कम करने के लिए एक आशाजनक समाधान प्रदान करती है, जो महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों में आत्मनिर्भरता के राष्ट्रीय उद्देश्यों के मुताबिक है।

# युद्ध विराम के तरीके से देश के लोगो की जन भावना आहत हुई: बैज



**जगदलपुर, 15 मई।** आज संभाग मुख्यालय राजीव भवन में प्रेसवार्ता का आयोजन किया जिसे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी के द्वारा संबोधित किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी ने कहा पहलगाम मे हमारे निर्दोष 22 नागरिकों को जिस तरह कायरता पूर्वक आतंकियों ने मारा उससे पूरा देश आक्रोषित हुआ है। लोग इस हत्याकांड का बदला चाहते थे यह हमला एक तरह से भारत की समप्रभुता पर आक्रमण था, कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष ने सरकार को यह भरोसा दिलाया सरकार इस आतंकी हमले के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें हम सरकार के हर कदम का पूरा समर्थन करते है । भारत की सेनाओ ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर बहादुरी पूर्वक पाकिस्तान से चलाये जा रहे आतंकी ठिकानो को नेस्तनाबूत कर दिया भारतीय सेना के पराक्रम से सारा देश गौरान्वित हुआ ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाकिस्तानी सेना की बुजदिली कार्यवाही के खिलाफ भारत के सेनाओ की कार्यवाही का भी पूरा देश स्वागत किया लोग पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक जंग चाहते थे यह अवसर था पाकिस्तान को उसकी हरकतों के लिए जबाब देने का जो हमारी सेनाओ ने दिया भी साथियों हमारी सेना पाकिस्तान के खिलाफ बहादुरी से लड़ रही थी, उसे सफलता भी मिल रही थी अचानक युद्ध विराम की घोषणा हो गयी। बैज ने कहा युद्ध विराम भी भारत -पाक के आधा घंटा पहले अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने किया। बड़ा सवाल उठता है की ट्रम्प होते कौन है इस तरह की घोषना करने वाले ट्रम्प ने कहा उन्होंने व्यापार बंद करने की धमकी दे कर युद्ध रोकवाया ट्रम्प ने यह भी कहा वह कश्मीर समस्या मे मध्यस्थता करेंगे।

## एक नजर

### बस्तर को जोड़ने रावघाट - जगदलपुर नई रेल लाईन परियोजना की स्वीकृतिः कश्यप



**दंतेवाड़ा 15 मई।** रेल मंत्रालय ने रावघाट - जगदलपुर नई रेल लाईन ( 140 कि मी) परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी हैं। यह परियोजना पर 3513.11 करोड़ रु खर्च होगी जिसका वहन केंद्रीय सरकार करेगीं। केंद्र सरकार से मिली इस स्वीकृति हेतु भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दंतेवाड़ा राहुल असरानी ने बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप का आभार व्यक्त किया 7 प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ,रेल मंत्री आदरणीय श्री अश्वनी वैष्णव सहित छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी का भी आभार व्यक्त किया। महेश कश्यप लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर संसद में बस्तर वासियो के हित की बात गंभिरता से रखते आये है जिसमे बस्तर को जोड़ने रावघाट - जगदलपुर (140 कि मी )नई रेल लाइन परियोजना को स्वीकृति मिली है । बस्तर की आवाज को दिल्ली तक पहुँचाने हेतु बस्तर सांसद के माध्यम से हम बस्तर वासियो के रेल के लिए प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करते है। लगातार बस्तर सांसद की ओर से बस्तर के अनेको विकास कार्यो के लिए केंद्र व राज्य सरकार को जानकारी प्रदान की जा रही हैं। जिस ओर सरकार कार्य कर रही हैं। जिसका परिणाम है कि केंद्र सरकार ने नई रावघाट - जगदलपुर रेल लाईन परियोजना की स्वीकृति प्रदान की हैं। जल्द ही बस्तर संभाग के अनेको ऐसे अंदरूनी क्षेत्रो में भी रेल की बहार आएगी। यह सब डबल इंजन की सरकार के कारण ही संभव हो पा रहा है।

### केंद्रीय विद्यालय सुकमा सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम रहा शत प्रतिशत

**सुकमा 15 मई।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में केंद्रीय विद्यालय सुकमा के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दोनों कक्षाओं में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में 55 एवं 12वीं में 50 विद्यार्थी सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। सभी विद्यार्थी अच्छे अंकों के साथ परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी कुशल बाफना ने 89.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय के मयंक बघेल एवं वाणिज्य संकाय की रितिका साहा क्रमश- 84.6 एवं 84त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय एवं तृतीय पायदान पर काबिज हुए। कक्षा दसवीं में देविका राठी ने 95.2त्न अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। गुंजन कौशले ने 93.4 अंकों के साथ द्वितीय एवं खुशी भलावी ने 92.4 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। केंद्रीय विद्यालय सुकमा के प्राचार्य श्री दिनेश कुमार ने इस परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करने पर विद्यालय की तरफ से शुभकामनाएं प्रेषित की।

### अरिता पोड़ियाम हो या ललिता वंजाम, तेंदूपत्ता संग्रहण से हुआ पैसों का इंतज़ाम

**सुकमा, 15 मई।** दोपहर को भले ही गलियों में सन्नाटा पसरा है, फिर भी गाँव के उन अनगिनत लोगों में उत्साह है जो इन दिनों तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य करते हैं। उनका उत्साह सुबह से लेकर देर शाम तक चलता है। आसपास के जंगलों में तेंदूपत्ता तोड़ाई करते ग्रामीण, गठरी या बोरे में बांधकर घर लौटते ग्रामीण या फिर घर की डेहरी, परछियो में एकजुट होकर तेंदू के पत्ते को बंडल बनाकर जमाते हुए ग्रामीण, गाँव के किसी खुली जगह में फड़ प्रभारी की उपस्थिति में इन तेंदूपत्ता के गड्डी को एकबारगी क्रम से सजाते हुए अनायास नजर आ रहे हैं। गाँव के बच्चे, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग सभी इस काम में लगे हुए हैं। उन्हें खुशी है कि इस हरे सोने के दाम बढ़ने से उनकी आमदनी भी बढ़ेगी और जितना ज्यादा संग्रहण होगा उतना ही अधिक राशि उन्हें मिलेगी।

# राज्य सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे विकासः महेश कश्यप

- माहेश्वरी भवन में आयोजित समाधान शिविर में सांसद-विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि हुए शामिल
- जनता के हित में कटिबद्धता के साथ काम कर रही सरकार विधायक किरण देव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 15 मई।** सांसद बस्तर श्री महेश कश्यप ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे और प्रदेश के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता हो। इसी उद्देश्य से सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी जागरूक नागरिकों ने आवेदनों के माध्यम से अपनी मांग रखी है जिसका विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण किया गया और समाधान शिविर में जानकारी दी जा रही है। सांसद ने कहा कि सुशासन तिहार में आवेदनों का निराकरण जिस तेजी के साथ किया गया यह सतत रूप से जारी रहेगी।




सरकार इस दिशा में लगातार सार्थक प्रयास करेगी। उन्होंने नागरिकों से शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास में सहभागी बनने का आग्रह किया। सांसद श्री कश्यप मंगलवार को नगर पालिक निगम जगदलपुर के पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के माहेश्वरी भवन में आयोजित समाधान शिविर को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर श्री किरण देव ने कहा कि राज्य सरकार जनता के हित में कटिबद्धता के साथ सजग होकर काम कर रही है। सरकार गठन होने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की हर गारंटी को पूरा कर रही है। इस सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्या-मांग का निराकरण करना है। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं से हर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करना है। जो जनता का जुड़ाव इन शिविरों में होने के साथ ही उनकी व्यापक सहभागिता को दर्शाता है। विधायक श्री किरण देव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और मंत्रीगण सरकार की इस सुशासन को शहर से गांव तक पहुंचाने के लिए भरी दुपहरी में गांवों में जाकर चौपाल लगाकर जनता से सीधे मुखातिब हो रहे हैं और उनकी समस्या निदान करने सहित जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा भी ले रहे हैं। उन्होंने जगदलपुर नगर निगम में विकास कार्यों को सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि नागरिकों की बुनियादी सुविधाओं के साथ ही राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण, महतारी वंदन योजनांतर्गत हितग्राहियों का चयन आदि के लिए वार्ड पार्षदों को सकारात्मक पहल किए जाने कहा। साथ ही नागरिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए आग्रह किया। आरंभ में महापौर श्री संजय पांडे ने सुशासन तिहार के अंतर्गत जनता की समस्या-मांगों के निराकरण के बारे में अवगत कराया और इस दिशा में निरंतर सजग होकर पहल करने आश्वस्त किया। इस दौरान अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया गया। वहीं 06 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 03 शिशुओं को अन्नप्रासन्न करवाया।

# जहां कभी डर का साया था, आज विकास की उम्मीदें बुलंद



**सुकमा, 15 मई।** कभी जिस गांव का नाम सुनते ही लोगों की रूह कांप उठती थी, आज उसी नक्सल प्रभावित ग्राम पंचायत सिलगेर में विकास की बयार बह रही है। विकासखंड कोंटा अंतर्गत स्थित इस सुदूर अंचल में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत समाधान शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसने न केवल प्रशासन और आमजन के बीच की दूरी को घटाया, बल्कि भरोसे की नई नींव भी रखी। शिविर में तहसीलदार, जनपद सीईओ, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान क्लस्टर पंचायत में शामिल 5 पंचायतों के ग्रामीणों को उनके आवेदनों के निराकरण की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने मंच से अपने विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों की संख्या, आवेदकों के नाम, निराकृत और खारिज किए गए आवेदनों की जानकारी साझा की। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और संवेदनशीलता का विशेष ध्यान रखा गया। सिलगेर जैसे दूरस्थ और संवेदनशील गांव में यह शिविर न केवल प्रशासन की पहुंच और प्रतिबद्धता का प्रमाण है, बल्कि यह इस बात का भी संकेत है कि छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचल भी अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं।

# गरियाबंद में एक देश एक चुनाव संगोष्ठी का आयोजन, अरविंद तिवारी हुए सम्मानित





**गरियाबंद, 15 मई।** सर्व समाज गायत्री परिवार एवं व्यापार संघ के तत्वावधान में ÷एक देश एक चुनाव÷ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर संसद रूप कुमारी चौधरी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने देवभोग के भाजपा नेता डॉ. अरविंद तिवारी को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में गरियाबंद के अनेक वरिष्ठ नागरिक, अधिवक्ता, व्यापारीगण तथा समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने ÷एक देश एक चुनाव÷ की आवश्यकता और इसके प्रभावों पर अपने विचार रखे, साथ ही सामाजिक समरसता एवं राजनीतिक जागरूकता की दिशा में ऐसे आयोजनों को आवश्यक बताया।

## छत्तीसगढ़ जनमन समाधान शिविरों में किया जा रहा वितरण

**सुकमा, 15 मई।** जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ जनमन' नये क्लेवर के साथ मार्च का अंक प्रकाशित किया गया है। बाहरी पृष्ठ पर उत्साहित आमजनों के रंगीन छायाचित्र के साथ प्रगति के बजट पर सुशासन का चित्र अंकित है । जनसंपर्क अधिकारी सुकमा ने बताया कि सुशासन तिहार-2025 अंतर्गत जिले में आयोजित समाधान शिविरों में छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा प्रकाशित जनमन और अन्य विभागीय ब्रोसर का वितरण किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ जनमन के इस आकर्षक एवं महत्वपूर्ण जानकारी से भरे अंक का वितरण फुलबगड़ी में आयोजित समाधान शिविर में किया जा रहा है।

# भोपाल में 18 मई को अपना दल (एस) का चिंतन शिविर

- प्रदेश प्रभारी के रूप में पहली बार मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे राष्ट्रीय महासचिव आर. बी. सिंह पटेल

**भोपाल, 15 मई।** अपना दल (एस) का चिंतन शिविर आगामी 18 मई को भोपाल में आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में पहली बार प्रदेश प्रभारी के रूप में राष्ट्रीय महासचिव श्री आर. बी. सिंह पटेल मध्यप्रदेश का दौरा करेंगे। यह चिंतन शिविर संगठन के आगामी रोडमैप, चुनावी रणनीति और संगठन विस्तार पर केंद्रित रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम करेंगे। साथ ही राष्ट्रीय महासचिव युवा मंच डॉ. अखिलेश पटेल, प्रदेश और जिला स्तर के सभी प्रमुख पदाधिकारी इस चिंतन शिविर में शामिल होंगे। चिंतन शिविर को लेकर राष्ट्रीय महासचिव आर. बी. सिंह पटेल ने कहा, मध्यप्रदेश में संगठन को मज़बूती देना हमारी पहली प्राथमिकता है। अपना दल (एस) की नीतियाँ सामाजिक न्याय, युवाओं के सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास पर केंद्रित हैं। हम यहां सिर्फ राजनीतिक उपस्थिति के लिए नहीं, बल्कि ज़मीन पर बदलाव लाने आए हैं। यह चिंतन शिविर सिर्फ रणनीति तय करने का मंच नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा देने का अवसर भी है। डॉ. अखिलेश पटेल ने युवाओं की भूमिका पर विशेष जोर देते हुए कहा, मध्य प्रदेश में संगठन को नए सिरे से खड़ा करने की दिशा में युवाओं की भागीदारी सबसे अहम है। यह चिंतन शिविर हमारे लिए आत्मचिंतन के साथ-साथ नई ऊर्जा और दिशा प्राप्त करने का अवसर है। युवा मंच पूरी मजबूती से गांव-गांव तक अपना दल (एस) की नीतियां पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। चिंतन शिविर के बारे में अधिक जानकारी देते हुए डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा, मध्य प्रदेश में अपना दल (एस) की राजनीतिक यात्रा का यह चौथा चरण है। चिंतन शिविर का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करना और भावी रणनीति पर विचार करना है। प्रदेश प्रभारी के रूप में मा. आर बी सिंह पटेल जी का हम सभी हृदय से स्वागत करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों में उनकी उपस्थिति और मार्गदर्शन हमारे लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है।

# छात्रावास में समस्याओं का अंबार, एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव बग्गा को सौंपा ज्ञापन









**रायपुर, 15 मई।** छत्तीसगढ़ नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (हस्ढ्ढ) के राष्ट्रीय सचिव व केटीयू के पूर्व छात्र श्री हनी बग्गा ने आज दिनांक 14 मई 2025 को कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के छात्रावास मे लंबे समय से चली आ रही गंभीर समस्याओं के समाधान हेतु छात्रावास का निरिक्षण किया साथ ही छात्रावास प्रभारी देवसिंह पाटिल भी रहे ।

**छात्रावास में व्याप्त प्रमुख समस्यायें सामने आयी हैं**-कैंटीन की सुविधाएँ लंबे समय से सुचारु रूप से संचालित नहीं हो रही हैं, जिससे छात्रों को भोजन संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण छात्रों की रात्रि में पढ़ाई और अन्य आवश्यक कार्य बाधित हो रहे हैं। छात्रावास परिसर में नियमित सफाई का अभाव है, जिससे अस्वच्छ वातावरण और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। वाशरूम में नल और शौचालयों के कमोड,पानी टंकी की सफाई न होने के कारण छात्रों को उपयोग में गंभीर असुविधा एवं स्वास्थय की समस्याएं हो रही है।

एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा जो केटीयू के पूर्व छात्र भी है ने कहा, ÷छात्रों का शैक्षणिक और मानसिक विकास विश्वविद्यालय की प्राथमिक जिम्मेदारी है। छात्रावास की इन समस्याओं को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है, जिसका सीधा प्रभाव छात्रों की पढ़ाई और स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। छात्र प्रदेश के दूर दराज क्षेत्र से आते है और विश्वविद्यालय से उचित व्यवस्था के भरोसे छात्रावास में रह कर पढ़ाई करते है ऐसे में विश्वविद्यालय के तरफ से छात्रों को सुविधा से दूर रखना बहुत ही शर्मनाक बात है। आज छात्रावास के सभी छात्र खुद को ठगा महसूस कर रहे है। हम इस अनदेखी की शिकायत कल मानवाधिकार आयोग में करेंगे और छात्रों को समस्याओं से पूर्ण निदान दिला कर रहेंगे। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होने नहीं देंगे । ज्ञात हो की छात्रों ने पूर्व में भी विश्वविद्यालय प्रशासन को इन समस्याओं से अवगत कराया था, किंतु कार्रवाई के अभाव में स्थिति जस की तस बनी हुई है। छात्रावास के छात्रों ने कहा की समस्याओं के शिकायत करने के बावजूद हमारी बातो को अनसुना कर दिया जाता था इसलिए हमने छात्र संगठन हस्ढ्ढ पर भरोसा जताया है और सीधे केटीयू के पूर्व छात्र व राष्ट्रीय सचिव हस्ढ्ढ हनी बग्गा से मदद की गुहार लगाई है। छात्रों की समस्याओं को देखते हुए हनी बग्गा ने मानवाधिकार आयोग में शिकायत करने व विश्वविद्यालय प्रशासन से तत्काल प्रभाव से उचित समाधान हेतु अल्टीमेटम देकर समस्याओं को दूर करने की बात कही है।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण प्रसाद शर्मा नहीं रहे



**जगदलपुर, 15 मई।** दक्षिण बस्तर में भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री नारायण प्रसाद शर्मा का 11 मई की रात्रि 8ः00 बजे दुखद निधन हो गया। वे लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहकर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं में गिने जाते थे। उनके निधन से भाजपा संगठन और क्षेत्रीय राजनीति में गहरा शोक व्याप्त है। श्री शर्मा भाजपा मंडल गीदम के महामंत्री, मंडल अध्यक्ष, जिला मंत्री, जिला उपाध्यक्ष और ग्राम पंचायत हारम के उपसरपंच जैसे अनेक पदों पर रहते हुए सक्रिय राजनीति में योगदान देते रहे। वे बलिराम कश्यप के सांसद प्रतिनिधि भी रहे और क्षेत्रीय समस्याओं को सीधे शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे। उनका राजनीतिक योगदान केवल पदों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वे आत्मबल, अनुशासन और संगठनात्मक चेतना के प्रतीक के रूप में अनेक कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत बने। वे भाजपा की पिछली और अगली दोनों पीढ़ियों के नेताओं व कार्यकर्ताओं के बीच समान रूप से सम्मानित और लोकप्रिय रहे। श्री शर्मा उन चुनिंदा पुराने कार्यकर्ताओं में शामिल थे जिन्होंने पार्टी के प्रारंभिक संघर्षों के दौर में संगठन की नींव को सुदृढ़ करने के लिए अथक परिश्रम किया।

# ग्राम फुलबगड़ी में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का सफल आयोजन

- शासन की योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही, समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 15 मई।** प्रदेश में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन, कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में ग्राम फुलबगड़ी में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। ग्रामीणों द्वारा विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिनका विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में ग्राम कोयाबेकुर, गोलाबेकुर, बड़ेसेट्टी, नीलावरम और फुलबगड़ी के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और पेंशन योजना से संबंधित कुल सैकड़ों आवेदनों का निराकरण किया गया। कोयाबेकुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के 14, मनरेगा के 67 और एसबीएम के 5, गोलाबेकुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के 20, मनरेगा के 55, एसबीएम के 1 और पेंशन के 3, बड़ेसेट्टी में प्रधानमंत्री आवास योजना के 62, मनरेगा के 28, एसबीएम के 1 और पेंशन के 1, नीलावरम में प्रधानमंत्री आवास योजना के 1, मनरेगा के 54, एसबीएम के 4 और पेंशन के 6 तथा फुलबगड़ी में मनरेगा के 27, एसबीएम के 2 और पेंशन योजना के 2 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छोटे बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई।स्वास्थ्य विभाग की ओर से रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर और मधुमेह की जांच की गई तथा आवश्यकता अनुसार दवाइयों का वितरण किया गया। आयुर्वेद विभाग द्वारा भी मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु औषधियों का वितरण किया गया। जनप्रतिनिधियों के द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई और ग्रामीणों को इनका लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन कर नागरिकों ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बारसे माड़े, जनपद अध्यक्ष सुकमा श्री संतोष इडो, जनपद सदस्य देवा माडवी, नगर पंचायत पार्षद श्रीमती उर्मिला मंडावी, सरपंच श्रीमती जतु पोड़ियाम, श्रीमती माडवी गंगी, श्री कलमू जोगा, श्री रामा मंडो अन्य जनप्रतिनिधि सहित सीईओ जनपद सुकमा सुश्री मधु तेता, जिला महिला बाल विकास अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रवास ने बदल दी बल्दाकछार के टिकेश्वर की जिंदगी

# सुशासन तिहार में विशेष पिछड़ी जनजाति के युवा को मिली नौकरी की सौगात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 15 मई।** सुशासन तिहार की रोशनी प्रदेश के कोने -कोने में फैल रही है लेकिन ग्राम बल्दाकछार के बेरोजगार आदिवासी युवा टिकेश्वर के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है। सुशासन तिहार से विशेष पिछड़ी जनजाति के युवा टिकेश्वर प्रसाद के जीवन में नई रोशनी आई है। विगत 9 मई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हेलीकॉप्टर जब अचानक विकासखण्ड कसडोल के ग्राम बल्दाकछार में उतरा तो ग्रामवासियों के लिए यह किसी कौतूहल से कम नहीं था। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने अपने स्नेह और आत्मीयता से ग्रामीणों का दिल जीत लिया। इसी बीच जब विशेष पिछड़ी जनजाति के कमार युवा ने मुख्यमंत्री से परिवार चलाने नौकरी करने की इच्छा जताई तो उन्होंने तत्काल कलेक्टर दीपक सोनी को इस प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। सोनी ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर कार्यवाही करते हुए कसडोल के शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में चतुर्थ श्रेणी में रिक्त पद पर



कलेक्टर दर पर टिकेश्वर को नियुक्ति दी। कलेक्टर दीपक सोनी ने टिकेश्वर प्रसाद को मंगलवार को नियुक्ति आदेश प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि टिकेश्वर प्रसाद का परिवार बाँस की टोकनी, सूपा, पर्रा इत्यादि निर्माण का पारंपरिक व्यवसाय करता है जिसमें बहुत कम आमदनी होती है। टिकेश्वर 12 वीं तक की पढ़ाई करने के बाद इस काम में माता पिता का हाथ बंटा रहा था। किसी तरह परिवार की गुज़र बसर हो रही थी। जब मुख्यमंत्री ने उससे बातचीत की तो उसने नौकरी करने की इच्छा व्यक्त की ताकि वह अपने परिवार की आर्थिक मदद कर सके। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने टिकेश्वर की सिर्फ़ इच्छा पूरी नहीं की बल्कि उसके जीवन में नई उम्मीद भी जगाई है। टिकेश्वर ने इस उपहार के लिए मुख्यमंत्री का दिल से आभार व्यक्त किया है और ख़ुशी ज़ाहिर की है कि अब वो अपने अपने माता पिता का सहारा बन पाया है।

**मुख्यमंत्री के निर्देश का हुआ अनुपालनः** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश के अनुपालन पर ग्राम बल्दाकछार में राजस्व एवं वन विभाग की टीम के द्वारा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों को वन अधिकार पत्र के संबंध में जानकारी दिया गया एवं वन अधिकार पत्र हेतु आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में बल्दाकछार के पांच ग्रामीणों के द्वारा वन अधिकार पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार ग्राम बल्दाकछार में शिविर की जानकारी हेतु कोटवार के माध्यम से मुनादी भी कराया गया।

## समाचार संक्षेप

### अवैध रूप से रेत परिवहन करते 2 हाइवा को वन विभाग की टीम ने किया जब्त




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 15 मई।** वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशन में बलौदाबाजार वनमण्डल के बल्दाकछार परिक्षेत्र अन्तर्गत रात्रि गस्त के दौरान वन विभाग की टीम द्वारा औराई बैरियर में 13 मई 2025 की रात्रि समय 11 बजे अवैध रूप से रेत से भरे हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 06 एचबी 5621 एवं सीजी 04 पीई 8012 को जब्त किया गया।

जांच में रेत परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार का वैध दस्तावेज वाहन चालकों के पास नहीं पाए जाने पर अवैध रेत परिवहन कर रहे वाहनों को नियमानुसार वन विभागीय अमले द्वारा जप्त किया गया। प्रकरण खनिज विभाग से संबंधित होने के कारण वन विभाग ने प्रकरण को खनिज विभाग बलौदाबाजार-भाटापारा को हस्तान्तरित किया। वनमण्डल अधिकारी बलौदाबाजार के द्वारा सभी परिक्षेत्र अधिकारियों को वनक्षेत्र के आसपास अवैध रेत खनन अथवा परिवहन प्रकरणों पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

इस कार्यवाही में परिक्षेत्र अधिकारी बल्दाकछार गितेश बंजारे,वनपाल नटवर लाल वर्मा, तुलसी राम मनहरे वरक्षक एवं परिक्षेत्र के कर्मचारियों की अहम भूमिका रही।

## एक नजर

### समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर जिलाबदर के एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 15 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समाधान सेल÷ में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना राजादेवरी की पुलिस टीम द्वारा जिलाबदर आरोपी चिंताराम पटेल को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा धारा 3, 5(ख) 2023 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत आरोपी चिंताराम को जिलाबदर किया गया है। उक्त आदेश के तहत आरोपी को जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के साथ सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर, सक्ति, बेमेतरा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ आदि जिले की सीमाओं से बाहर चले जाने का आदेश दिया गया है तथा आदेश में अनावेदक को न्यायालय की अनुमति के बिना जिले की सीमाओं में प्रवेश नहीं करने संबंधी आदेश का भी उल्लेख है। कि आज दिनांक 13.05.2025 को सूचना मिली कि जिलाबदर आरोपी चिंताराम ग्राम चांदन में घूम रहा है। कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना राजादेवरी पुलिस टीम द्वारा जिलाबदर आरोपी चिंताराम को मौके पर ही पकड़ कर हिरासत में लिया गया। पुलिस द्वारा जिलाबदर के आदेश होने के उपरांत भी ग्राम चांदन में घूमने संबंधी पूछताछ पर आरोपी द्वारा स्वयं के जिलाबदर का आदेश होना जानते हुए भी चांदन में घूमना स्वीकार किया गया।

### सुशासन तिहारः ग्राम टोहड़ा में हुआ समाधान शिविर का आयोजन

# कलेक्टर सिंह व एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने किया पौधरोपण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 15 मई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में आज तिल्दा ब्लॉक के ग्राम टोहड़ा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आमजनों के आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जाति प्रमाण पत्र, ऋष्ठा पुस्तिका, श्रम कार्ड, लर्निंग लाइसेंस, आयुष्मान कार्ड बनाया गया और मंच से सभी को वितरित किया गया।

समाधान शिविर के दौरान कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने पौधरोपण किया। साथ ही शिविर में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को ट्राइसाइकिल, स्प्रेयर, आईस बॉक्स, मछली जाल आदि का वितरण भी किया गया। शिविर में जिला पंचायत सभापति श्रीमती स्वाति वर्मा, तिल्दा जनपद पंचायत सदस्य तुकाराम जोगी, श्रीमती कुंती वर्मा, श्रीमती ललिनी ध्रुव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एसडीएम आशुतोष देवांगन, तहसीलदार ज्योती मसियारे सी इ ओ विवेक गोस्वामी , नायब तहसीलदार विपिन पटेल सहित सभी विभाग अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे उपस्थित रहे।



### एक वर्ष से अधिक समय से लंबित राजस्व प्रकरणों का 30 जून तक करें निराकरण : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 15 मई।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व विभाग के लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए एक वर्ष से अधिक समय तक लंबित प्रकरणों का निराकरण 30 जून 2025 तक करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग प्रकरणों के निराकरण में सुधार लाए, एक साल से अधिक समय तक कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। सभी एसडीएम तहसीलदरो के कार्यों का कड़ाई से निगरानी रखें और प्रकारण का निराकरण कराएं। हर सप्ताह निराकरण का रिपोर्ट



प्रस्तुत करें। उन्होंने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सभी शिक़ायतो का विधिवत जांच कराकर सम्बधित पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शिकायत पर कार्यवाही में किसी भी अधिकारी -कर्मचारी को संरक्षण ने दें अन्यथा संरक्षण करने वाले अधिकारी पर भी करवाई हो सकती है। कलेक्टर ने समाधान शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का यथासम्भव मौक़े पर ही निराकरण के निर्देश दिये। इसके साथ ही सामाधान शिविरों में 3 -4 हेल्पडेस्क की व्यवस्था के भी निर्देश दिये ताकि ग्रामीणों को जानकारी तत्काल मिल सके।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202505142400005/
अ-2/2024-25
साकिनः-कंडेल, प.ह.नं.-08

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि, आवेदक मोहम्मद यासीन नुरानी पिता गफ्फार नुरानी, जाति मोमिन जुलाहा, निवासी ग्राम डबरी पारा चारामा, तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम कंडेल, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 800/3 रकबा 0.033 हे. को वर्कशाप हेतु व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 20.05.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अतः आज दिनांक 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चारामा,**
**जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202504095000027**

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2024-2025
**बोदालदंड (प ह न. 00002),**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- दुलीचंद,**
**अनावेदक पक्षकार-**

**ईश्तहार**

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक दुलीचंद पिता ईसरिया जाति कलार, निवासी ग्राम बोदालदंड तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के भूमिस्वामी हक व आधिपत्य में ग्राम बोदलदंड में ख.नं. 57/6 रकबा 1.2140 हे. भूमि स्थित है। राजस्व रिकार्ड में आवेदक का नाम दुलीचंद पिता कलीराम जाति कंवर के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज है जो कि गलत है। आवेदक द्वारा उक्त खाते की भूमि दर्ज नाम को त्रुटि सुधार करते हुए दुलीचंद पिता ईसरिया जाति कलार दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर या आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 21.05.2025 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/05/2025 को जारी किया जाता है।

(मुहर) **नायब तहसीलदार**
**लाल बहादुर नगर**

# शराब की अवैध बिक्री करने वाले दो कोचियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 15 मई।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना ÷समाधान सेल÷ प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी ÷समाधान सेल÷ हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। ÷समाधान सेल÷ के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 12.05.2025 को ÷समाधान सेल÷ में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम लटुवा रोड शुक्ला भाटा तिराहा के पास एवं रिसदा रोड में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से ?8800 कीमत मूल्य का 80 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम नागेश चंदेल उम्र 20 साल निवासी ग्राम रसेडा थाना सिटी कोतवाली अश्विनी चेलक उम्र 34 साल निवासी ग्राम रिसदा थाना सिटी कोतवाली है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक 420/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 14/05/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती कुंजबाई गायकवाड पति श्री बुधेलाल गायकवाड चन्द्रशेखर वार्ड क्र. 22 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा भूमि/भवन का तिल्दा नेवरा निवासी से भूमि भवन क्रय पश्चात् निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त विक्रयशुदा भवन/भूमि वार्ड क्र. 22 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड क्र.42/22 नाम दर्ज नही हैं। भूमि भूखण्ड क्र...... प्लाट नं...... शीट नं...... खसरा नं..... रकबा 247 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

(मुहर) **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक 416/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 14/05/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदीका श्रीमती हीरा निषाद पति श्री नोहर लाल निषाद सासाहोली वार्ड क्र. 01 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा भूमि/भवन का तिल्दा नेवरा निवासी से पारिवारी सहमति पत्र के आधार पर एवं निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त सहमति पत्र के आधार पर भवन/भूमि वार्ड क्र. 01 में स्थित हैं नगर पालिका डिमांड क्र. 75/01 नाम दर्ज नही हैं। भूमि भूखण्ड क्र....... प्लाट नं....... शीट नं..... खसरा नं..... रकबा....... वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

(मुहर) **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/418/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा, दिनांक 14/05/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चेतन बत्रा पिता श्री दयानंद बत्रा गुरूनानक वार्ड क्र. 05 तिल्दा नेवरा जिला रायपुर निवासी द्वारा भूमि/भवन का तिल्दा नेवरा निवासी से भूमि भवन क्रय पश्चात् निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त विक्रयशुदा भवन/भूमि वार्ड क्र. 05 के डिमांड क्र...... भूमि भूखण्ड क्र. 16032 प्लाट नं. 30 शीट नं. 06 खसरा नं. 253 रकबा 714 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 13/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

(मुहर) **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा**

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला- मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**

**// निविदा आमंत्रण//**

**मोहला-मानपुर-अं.चौकी, दिनांक 09/05/2025**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में 01.06.2025 से 31.03.2026 तक की अवधि के लिए मोहला-मानपुर-अं.चौकी जिले की 02 देशी/02 विदेशी मदिरा दुकान कुल 04 मदिरा दुकानों में संग्रहित होने वाले खाली कार्टून (पुट्ठा) क्रय किये जाने हेतु बंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.) में दिनांक 26.05.2025 समय सायं 05:00 बजे तक निविदा फार्म शुल्क राशि रू. 1,000/- (एक हजार रूपेय मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जिला प्रबंधक छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी के पक्ष में जमा कर प्राप्त की जा सकेगी। दिनांक 27.05.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक निविदा आमंत्रित करने तथा दिनांक 27.05.2025 को सायं 04:00 बजे तक प्रथमतः तकनीकी निविदा खोला जावेगा। (कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

**जिला आबकारी अधिकारी**
जी-252600832/4 **मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**

### आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले 4 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 15 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** घटनास्थल ग्राम बिटकुली मर्ग क्र. 41/2025 में घटना दिनांक 15.03.2025 को मृतक अजय ध्रुव द्वारा अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया। घटनास्थल की जांच पर मृतक द्वारा एक कागज पर लिखा हुआ सुसाइड नोट मिला, जिसमें आरोपियों का नाम लेख करते हुए उनके द्वारा मारने पीटने एवं लड़ाई झगड़ा करने का उल्लेख था। मर्ग की संपूर्ण जांच पर एवं मृतक के परिजनों, गवाहों के कथन पर यह पता चला कि दिनांक 15.03.2025 को रात्रि लगभग 12:00 बजे आरोपियों द्वारा मृतक के घर में आकर पूर्व में हुई लड़ाई झगड़ा की बात को लेकर मृतक को मारने पीटने एवं जान से मारने की धमकी देकर चले गए। आरोपियों द्वारा दिए गए इस धमकी से व्यथित एवं परेशान होकर मृतक द्वारा फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा मर्ग जांच, पंचनामा कार्यवाही, पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मृतक के परिजनों, गवाहों के कथन के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र. 484/2025 धारा 108,296, 351(2),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा विवेचना क्रम में 04 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा मृतक को मारने पीटने एवं जान से मारने की धमकी देना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में चारों आरोपियों को आज दिनांक 13.05.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**https://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथिः- 21/05/2025

| स. क्र. | नि.आ.सु.क्र./ नि.आ.सु., दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमाति लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | 36/2025-26 दिनांक 10/05/2025 | **168261** (चतुर्थ आमंत्रण) | जिला-दन्तेवाड़ा के विकासखण्ड कुआकोण्डा में 50 सीटर बालक आश्रम मूलेर भवन निर्माण, विद्युतिकरण सहित कार्य की निविदा। | **162.76** |
| 2 | 37/2025-26 दिनांक 10/05/2025 | **168262** (चतुर्थ आमंत्रण) | जिला-दन्तेवाड़ा के विकासखण्ड कुआकोण्डा में 50 सीटर कन्या आश्रम मूलेर भवन निर्माण, विद्युतिकरण सहित कार्य की निविदा। | **162.76** |
| 3 | 38/2025-26 दिनांक 10/05/2025 | **168263** (चतुर्थ आमंत्रण) | जिला-दन्तेवाड़ा के विकासखण्ड कुआकोण्डा में प्री-मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास भवन निर्माण, विद्युतीकरण सहित कार्य की निविदा। | **191.51** |
| 4 | 39/2025-26 दिनांक 10/05/2025 | **168264** (चतुर्थ आमंत्रण) | बचेली, जिला दन्तेवाड़ा में न्यायिक अधिकारियों के लिए 01 नग 'एफ' टाइप शासकीय आवास गृह निर्माण कार्य। | **36.84** |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग**
जी-252600846/8 **बस्तर मण्डल जगदलपुर**

**कार्यालय नगर पंचायत चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय निविदा)**

**Main Portal: https://eprc.cgstate.gov.in**

**क्रमांक/162/लो.नि.वि./न.पंचा/2025** **चारामा, दिनांक-13/05/2025**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | लागत राशि (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 168364 | अटल परिसर निर्माण कार्य | 20.00 | 23.05.25 | 5.30 बजे तक |

**टीपः-** अन्य शर्तें व विस्तृत जानकारी संबंधित शाखा/विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में भी देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत चारामा**
**जिला-उ.ब.कांकेर**

नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें।

## एक नजर

### नक्सलियों का केराकुट्टा किला ढहाने पर सीएम व जवानों को बधाई

**रायपुर, 15 मई।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने




मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कहा है कि केराकुट्टा पहाड़ी का किला, सेना व पुलिस द्वारा ढहाने पर बधाई दी है। श्री आहूजा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कई मुख्यमंत्री बने लेकिन यह सेहरा आपके सिर पर बंधा है। श्री मोदी जी व अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के दस हजार सैनिकों का बल दिया जिससे नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन में तेजी आई। 75 प्रतिशत नक्सलियों का सफाया हो गया है। केराकुट्टा पहाड़ी में नक्सलियों का किला था जिसमें हथियार बनाने की मशीनें, कई बंकर, अस्पताल, लेथ मशीन तथा 12 हजार क्विंटल राशन था जिसमें 2 साल तक उनका भोजन का काम चल सकता था। इतने बड़े साम्राज्य को 21 दिन लगातार अभियान चलाकर समाप्त किया गया। छत्तीसगढ़ की पुलिस व सेना भी बधाई की पात्र है । मुख्यमंत्री जी से आग्रह है कि हर सैनिक को विशेष पुरस्कार दिया जायें ।

### संशोधित औद्योगिक नीति से उद्योग व्यापार एवं पर्यटन को मिलेगा नया आयाम

**रायपुर, 15 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में व्यापारिक हितों अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने बताया कि मंत्री परिषद ने छत्तीसगढ़ राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य की औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में कई महत्वपूर्ण संशोधन को मंजूरी दी है। इससे राज्य की औद्योगिक नीति और अधिक रोजगारपरक, व्यापक और उद्यमों के लिए लाभकारी हो जायेगी। प्रस्तावित संशोधन में राज्य में रोजगार के नये अवसर बढ़ेंगे साथ उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।

### फंदे पर लटकी मिली युवक की लाश

**रायपुर-अभनपुर, 15 मई।** राजधानी रायपुर के अभनपुर थाना क्षेत्र के नवापारा में एक युवक की लाश तालाब किनारे पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकती मिली है, बताया गया है कि तालाब आए लोगों ने जब सुबह शव को देखा तब उनके होश उड़ गए. ग्रामीणों ने इसकी तत्काल सुचना पुलिस को दी. नवापारा के शीतलपारा की घटना. मिली जानकारी के मुताबिक, मृत युवक की पहचान ग्राम तर्री के राजू भट्ट के रूप में की गई है, इस घटना के बाद मोहल्ले के लोग सकते में है, कुछ माह पूर्व ही एक और युवक ने तालाब के पास फांसी लगाई थी. घटना की सुचना मिलते ही नावापारा पुलिस मौके पर पहुंची है. ये हत्या है या आत्महत्या पीएम रिपोर्ट में खुलासा होगा. फ़िलहाल पुलिस जाँच में जुट गई है.

### पेड़ों पर लगे साइन बोर्ड्स, विज्ञापनों को हटाने के निर्देश

**रायपुर, 15 मई।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने वर्षा ऋतु के पहले नालों और नालियों की सफाई तथा संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जरूरी व्यवस्थाओं के निर्देश दिए हैं। विभाग ने राज्य के सभी नगरीय निकायों को परिपत्र जारी कर नालों एवं नालियों पर कच्चे व पक्के अतिक्रमणों तथा अवरोधों को हटाने को कहा है। पेड़ों में लगे बोर्ड्स, साइन-बोर्ड्स, साइनेजेस, विज्ञापनों, बिजली के तारों तथा हाइटेंशन लाइन्स को भी हटाने के निर्देश विभाग ने दिए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी नगर निगमों के आयुक्तों तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को भेजे परिपत्र में कहा है कि वर्षा ऋतु में प्रायः यह देखने में आता है कि शहरों में बारिश के पानी के निकासी के लिए निर्मित नालियों की समय पूर्व समुचित सफाई न होने तथा पानी निकासी के रास्तों के अवरोधों को दूर नहीं करने के कारण आकस्मिक वर्षा से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो जाती है। इस स्थिति से बचाव के लिए बरसात के पहले सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर लें। विभाग ने संचालनालय से निकायों को जारी परिपत्र में नगर के मुख्य मार्गों के साथ-साथ गलियों व चौराहों की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए हैं।

# जो बस्तर के दर्द में कभी खड़े नहीं हुए उनसे नहीं होगी कोई बातचीतः गृहमंत्री

**रायपुर, 15 मई।** माओवादी संगठन की ओर से शांति वार्ता की पांचवीं अपील पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने दो टूक जवाब देते हुए कहा है कि वार्ता तभी संभव है जब माओवादी खुद सामने आकर बातचीत की पहल करें. उन्होंने स्पष्ट किया कि जो लोग बस्तर के दर्द में कभी शामिल नहीं हुए, न ही चिंगावरम, घोड़ा गांव, एर्राबोर, दरभा गुड़ा, ताड़मेटला और झीरम जैसे नरसंहारों पर कुछ बोले, वे अब वार्ता की बात कर रहे हैं, तो यह स्वीकार्य नहीं हो सकता.

नक्सलियों की शांति वार्ता की अपील पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कुछ व्यक्तिगत और कुछ संस्थागत लोगों के माध्यम से वार्ता की बात सामने आती है, लेकिन ये वही लोग हैं जो कभी भी बस्तर के दर्द में सामने नहीं आए. जिन्होंने चिंगावरम और घोड़ा गांव में मारे गए आदिवासियों की चिंता नहीं की, एर्राबोर में



जिन आदिवासियों को जिंदा जलाया गया, उनकी चिंता नहीं की, दरभा गुड़ा में आदिवासियों को मारा गया, झीरम घाटी में छत्तीसगढ़ के नेतृत्व को समाप्त करने की कोशिश की गई, उनकी कोई चिंता नहीं है.

उन्होंने आगे कहा कि मणिकोंटा, रानीबोली, ताड़मेटला जैसे स्थानों पर कभी कोई चिंता व्यक्त नहीं की गई. आज अचानक आकर खड़े हो गए और कहने लगे कि राज्य सरकार ऐसा-ऐसा करे और केंद्र सरकार ऐसा करे. अगर कोई लोग आकर किसी संस्था की ओर से ऐसा कहेंगे तो यह कैसे स्वीकार्य होगा? चर्चा ऐसे नहीं हो सकती. माओवादी बात करना चाहें, चर्चा करना चाहें, जरूर बात होगी. ना केंद्र सरकार गोली चलाना चाहती है, ना राज्य सरकार गोली चलाना चाहती है.

विजय शर्मा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने माओवादियों कहा ÷मैं हाथ जोड़कर आग्रह करता हूं कि आप मुख्यधारा में आएं. तो कहना यह है कि इसमें एक चिट्ठी की ऑथेंटिसिटी को भी हमें चेक करना है और साथ ही साथ इस मामले में सरकार का रुख बड़ा स्पष्ट है.

गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मैं इस पर बहुत स्पष्टता से कहना चाहता हूं. मतलब कोई वो दबे हैं, वो हार रहे हैं. ऐसी कोई बात हम नहीं कहते हैं. वो भारत के ही लोग हैं और भटके हुए लोग हैं. उनको मुख्यधारा में आना चाहिए. उनको पुनर्वास करना चाहिए. छत्तीसगढ़ में तो हम लोगों ने आत्मसमर्पण कहना छोड़ दिया है और कहते हैं कि आप मुख्यधारा में आएं, आप पुनर्वास करें. ऐसा ही कहते हैं क्योंकि अगर मान-सम्मान को ठेस वाला विषय हो तो यह भी तैयार है. लेकिन विषय ये है कि मुख्यधारा में आना चाहिए. लोकतंत्र का सम्मान होना चाहिए. इतना ही हमारा कहना है. गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि उन्होंने अपने पत्र में यह भी लिखा है कि कुछ लोग कुछ दिनों पहले हैदराबाद में बैठकें कर रहे थे. उसमें कुछ व्यक्तिगत लोग थे, कुछ संस्था थी और अब वे कहते हैं कि राज्य सरकारों को ऐसा करना चाहिए. विजय शर्मा ने कहा कि मैं कह रहा हूं, ये लोग कौन हैं जो बस्तर के दुख में कभी खड़े नहीं हुए? आज अचानक बोलने खड़े हो गए हैं.

## कांग्रेस ने मंत्री विजय शाह का पुतला जलाया



**रायपुर 15 मई।** देश की जबाज बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के ऊपर मध्यप्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा की गई शर्मनाक एवं अपमान जनक टिप्पणी से आज पूरा देश आक्रोश मे है जिसे लेकर आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंत्री विजय शाह का पुतला जलाया गया। कांग्रेस भवन गांधी मैदान के सामने एकत्रित कार्यकर्ताओ ने मंत्री विजय शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर उनके इस्तीफे की मांग की। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा कि जिस भारत की बेटी ने भारत पाकिस्तान युद्ध के बीच जिस मुखरता से भारतीय सेना का पक्ष रखा जिससे पूरे देश मे आज उनकी इस बहादुरी की चर्चा है ऐसे मे मंत्री विजय शाह द्वारा अनर्गल बयान देना शर्मनाक है आज पूरे देश उनके इस बयान से आक्रोसित है भाजपा को स्पष्ट करना चाहिये कि यह बयान भाजपा का है या उनकी विचारधारा का। प्रमोद दुबे ने कहा कि मंत्री विजय शाह द्वारा दिया गया बयान क्षमा योग्य नही है उनका यह बयान कर्नल सोफिया नही बलकि पूरी भारतीय सेना का अपमान है, ऐसे मंत्री को तत्काल बरर्खास्त कर उनके खिलाफ एफआईआर होना चाहिए। इस पुतला दहन कार्यक्रम मे कन्हैया अग्रवाल पंकज शर्मा उधोराम वर्मा मदन तालेड़ा सुरेश ठाकुर नवीन चंद्राकर प्रशांत ठेंगडी दिनेश ठाकुर आकाश तिवारी बंशी कन्नौजे अविनय दुबे दिनेश तिवारी योगेश तिवारी नंदकुमार पटेल गावेश साहू प्रवीण चंद्राकर विक्की वाधवानी शीतल कुलदीप बोगा पंकज सिंह ठाकुर भूपेंद्र जलक्षत्री सुयश शर्मा संगीता दुबे लोकेश्वरी साहू सुषमा ध्रुव आरती देवी पदमा कहार शब्बीर खान राज देवांगन ब्रम्हा सोनकर मोहम्मद आसीफ नवीन लाजरस महावीर देवांगन मुन्ना मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## व्यापारियों से तुर्की और अज़रबेजान की यात्राओं का बहिष्कार करने का आव्हान

**रायपुर, 15 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज देश भर के व्यापारियों के शीर्ष संगठन कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) चीन, तुर्की तथा अज़रबेजान द्वारा पाकिस्तान का खुला समर्थन करने पर देश भर के व्यापारियों एवं लोगों से आवाहन किया है कि वो तुर्की तथा अज़रबेजान की यात्राओं का पूर्ण बहिष्कार करें और इन दोनों देशों द्वारा भारत के ख़िलफ़ पाकिस्तान का समर्थन करने पर करारा जवाब दें। चीन को लेकर कैट विगत कई वर्षो से चीनी उत्पादों का बहिष्कार करने का अभियान चलाए हुए है, जिसका व्यापक असर पड़ा है। तुर्की एवं अज़रबेजान की यात्राओं के बहिष्कार के संबंध में कैट ट्रैवल एंड टूर ऑपरेटर्स संगठनों सहित विभिन्न अन्य संबंधित वर्गो से सम्पर्क कर इस अभियान को तेज करेगा। उधर दूसरी ओर तुर्की और अजरबेजान के साथ व्यापार बंद करने के मुद्दे पर अंतिम निर्णय आगामी 16 मई को कैट द्वारा नई दिल्ली में आयोजित देश के प्रमुख व्यापारी नेताओं के एक राष्ट्रीय सम्मेलन में लिया जाएगा। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने आज यह आवाहन करते हुए कहा कि यदि भारतीय नागरिक तुर्की और अज़रबैजान की पाकिस्तान के प्रति समर्थन के विरोध में इन देशों की यात्रा का बहिष्कार करते हैं, तो इसका इन देशों की अर्थव्यवस्था, विशेषकर पर्यटन क्षेत्र पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार तुर्की में कुल विदेशी आगमन 62.2 मिलियन पर्यटक का था जिसमें अकेले भारत से ही लगभग 3 लाख पर्यटक थे। वर्ष 2023 की तुलना में भारतीय पर्यटकों की 20.7 प्रतिशत की वृद्धि थी। तुर्की का कुल पर्यटन राजस्वः 61.1 बिलियन था। एक भारतीय पर्यटक का औसत खर्चः 972 होता है और इस दृष्टि से भारतीय पर्यटकों का कुल अनुमानित खर्च 291.6 मिलियन के लगभग होता है। पारवानी एवं जैन ने कहा की यदि भारतीय पर्यटक तुर्की की यात्रा का बहिष्कार करते हैं, तो तुर्की को लगभग 291.6 मिलियन का प्रत्यक्ष नुकसान होगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय पर्यटकों द्वारा आयोजित विवाह, कॉर्पोरेट कार्यक्रम और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के रद्द होने से अप्रत्यक्ष रूप से और भी आर्थिक नुकसान हो सकता है। अज़रबैजान में भारतीय पर्यटकों का जिक्र करते हुए पारवानी एवं जैन ने कहा कि यहाँ वर्ष 2024 में कुल विदेशी आगमन लगभग 2.6 मिलियन पर्यटक था जिसमें भारतीय पर्यटकों की संख्या लगभग 2.5 लाख थी।

## ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

**रायपुर, 15 मई।** गजानंद एप के माध्यम से ऑनलाईन सट्टा का संचालन करने वाले पिता-पुत्र नंदलाल लालवानी उर्फ नंदू तथा गोविंद लालवानी को पुलिस ने तिल्दा-नेवरा से गिरफ्तार किया है। तथा उनके कब्जे से 07 नग मोबाईल फोन, 60 हजार रूपये नगद तथा 600 से अधिक बैंक खातो में लेन-देन का हिसाब बरामद किया है। पुलिस ने लेन-देन से सबंधित सभी बैंक खातों को फ्रीज करवा दिया गया है। मामले में अभी तक 6 सटोरियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सटोरियों के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में धारा 4(क) जुआ एक्ट, छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 07, 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। बता दें कि पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट को जुआ एवं सट्टा पर पूर्णरूपेण अंकुश लगाने हेतु जुआ, सट्टा एवं ऑनलाईन सट्टा संचालित करने वालों की पतासाजी कर उन पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में दिनांक 02.04.25 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं. 06 स्थित एक मकान में गजानंद एप से ऑन-लाईन सट्टा संचालित करते आरोपी हर्ष पंजवानी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 04 नग मोबाईल फोन तथा नगदी रकम जुमला कीमती लगभग 60,000/- रूपये तथा विभिन्न कम्पनी के चेकबुक, पासबुक एवं ए.टी.एम. कार्ड एवं सट्टा के पैसों का हिसाब- किताब जप्त किया गया है।



**रायपुर। नवीन गौशाला एवं जैविक कृषि संसाधन केंद्र झांकी अभनपुर के तत्वावधान में गौवंश संरक्षण हेतु गौ ग्राम जागरण यात्रा निकाली गई। यात्रा के शुभारंभ पर मृत्युंजय शुक्ला, कृष्णा प्रसाद सिन्हा, धनेन्द्र कुमार साहू, सीएल जैन, पुरुषोत्तम साहू, हीरा चंद साहू, मोहन लाल ध्रुव, नेतू राम यादव व दानेन्द्र साहू मौजूद थे।**

## समाचार संक्षेप

### संगीत संध्या में गाये गए सलिल के गीत

**रायपुर, 15 मई।** हिंदी फिल्म संगीत के महान संगीतकार सलिल चौधरी की स्मृति मे स्वर सप्तक ने सुरमयी गीतों से सजी संगीत संध्या का आयोजन संस्कृति विभाग परिसर मुक्ताकाशी मंच मे किया गया। मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव ( अध्यक्ष, छ. ग. राज्य नागरिक आपूर्ति निगम) एवम विशिष्ट अतिथि प्रदीप श्रीवास्तव थे। मंच मे संगीत प्राध्यापक विजय जोशी जी को शाल पहनाकर एवम प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। गायिका वंदना कुलदीप ने.. जागो मोहन प्यारे.. भजन से कार्यक्रम की शुरुआत की। ए मेरे प्यारे वतन.. गीत ओम प्रकाश - दीपेंद्र हलधर गाकर जबरदस्त माहौल बना दिया। नवोदित प्रतिभा शिवानी बानी ने.. आजा रे परदेसी गीत, श्रुति संघी ने.. ओ सजना बरखा बहार आई गीत.. नमिता गुप्ता ने..जा रे उड़ जा रे पंछी.. गीत भूमि सागर ने.. ना जाने क्यू होता है.. गाया। मंच संचालन प्रीति राजवैद्य एवम संगीत संयोजन राजकुमार येसुदास ने किया। कार्यक्रम के अंत मे सभी गायक - वादक कलाकारों को प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्छ - उदय दास ने जानकारी दी। विगत 17 साल से नवोदित प्रतिभाओ को मंच प्रदान करने श्रोताओं को सुरीला संगीत सुनाने निरंतर आयोजन करते आ रहे। 50 से ज्यादा संगीतमय आयोजन कर चुके जिसमे प्रदेश के कोने कोने से आये गायक अपनी आवाज़ का जादू बिखेरते आये।

### गुणवत्ताहीन निर्माण पर डिप्टी सीएम नाराज

**रायपुर, 15 मई।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण की शिकायत पर एक बार फिर सख्ती दिखाई है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों की तत्काल कमेटी बनाकर इसकी जांच के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री साव के निर्देश पर प्रमुख अभियंता ने विभागीय अधिकारियों की कमेटी बनाकर एक सप्ताह में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने एल.डब्ल्यू.ई. योजना के तहत निर्माणाधीन नारायणपुर-सोनपुर-मरोड़ा मार्ग में गुणवत्ताहीन कार्य के संबंध में सोशल मीडिया में प्रकाशित समाचार पर त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रमुख अभियंता को वरिष्ठ अधिकारियों की कमेटी बनाकर जांच के निर्देश दिए थे। उप मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता ने कांकेर मंडल के अधीक्षण अभियंता संजय सूर्यवंशी और कार्यपालन अभियंता के.के. सरल की दो सदस्यीय कमेटी बनाकर जांच करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने नारायणपुर-सोनपुर-मरोड़ा मार्ग में किये गये कार्य की जांच के लिए लोक निर्माण विभाग के परीक्षण प्रयोगशाला को ले जाकर कार्य की सूक्ष्मता से जांच करने को कहा है। उन्होंने इस जांच में आवश्यकतानुसार उप अभियंताओं एवं सहायक अभियंताओं की सेवाएं लेने के लिए भी निर्देशित किया है। प्रमुख अभियंता ने सात दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन अनिवार्यतः प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा गुणवत्ताहीन कार्यों के जिम्मेदारों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर विगत जनवरी में भी गुणवत्ताहीन कार्यों पर जवाबदेही तय करते हुए बीजापुर से लेकर रायपुर तक अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की गई थी। राज्य शासन ने गुणवत्ताहीन कार्यों पर सख्ती बरतते हुए अधिकारियों को निलंबित करने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के साथ ही एफआईआर तक की कार्रवाई की थी।

### दीक्षा चौबे की एकल कुंडलिया संग्रह का विमोचन

**रायपुर, 15 मई।** दुर्ग की हिंदी व छत्तीसगढ़ी भाषा की छंदकारा ,सृजनकार व व्याख्याता डॉ. दीक्षा चौबे के कुंडलिया संग्रह कुंडलिया




कल्लोलिनी का विमोचन हुआ। आयोजन के मुख्य अतिथि साहित्यकार व समीक्षक डॉ पी.सी.लाल यादव गंडई थे तथा अध्यक्षता योगेश अग्रवाल प्रांत अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम ने की। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रामेश्वर शर्मा, अरुण निगम संस्थापक छंद के छ , महेश कुमार शर्मा व कमल शर्मा व विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 70 साहित्यकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पुस्तक समीक्षा डॉ. शिवकुमार श्रीवास ने प्रस्तुत की। डॉ. दीक्षा चौबे का यह तीसरा एकल संग्रह है , इसके पूर्व एक गीत संग्रह और एक कहानी संग्रह व कई साझा संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं । उन्हें साहित्य के क्षेत्र में विभिन्न मंचों से सम्मानित व पुरस्कृत किया गया है तथा कई किताबों के लिए पाँच वर्ल्ड रिकॉर्ड प्राप्त हो चुके हैं। डॉ. दीक्षा चौबे की कविता व कहानियों का राष्ट्रीय स्तर की पत्रिकाओं में प्रकाशन और आकाशवाणी रायपुर से नियमित प्रसारण होता है । वे समीर कुमार चौबे ए.जी.एम. भिलाई इस्पात संयंत्र की धर्मपत्नी व शुभदा , क्षितिज की माँ हैं । साहित्यकार, रिश्तेदारों व मित्रों ने उन्हें इस सफलता पर अपार हर्ष व्यक्त किया और बधाई संप्रेषित की ।

### हजरत सैय्यद चांद शाह वली का सालाना उर्स मुबारक 16 मई से

**रायपुर, 15 मई।** हजरत सैय्यद चांद शाह वली रहमतुल्लाह अलैह तीन



मजार नलघर चौक छोटापारा नाके वाले बाबा का सालाना उर्स पाक हर साल की तरह इस साल भी बड़े ही शानो शौकत से मनाया जाएगा। 16 मई से 18 मई तक तीन दिनों तक चलने वाले उर्स को लेकर उर्स कमिटी ने काफी तैयारियां की है ।दरगाह के खादिम जनाब शेख रहीम भाई , जनाब शेख शमीम भाई और निजाम भाई ने बताया है कि 16 मई जुमा को बाद नमाज जोहर शाही संदल चादर निकाला जाएगा । जो शहर का गश्त करने के बाद मजार पहुंचेगा । जहां असर की नमाज के बाद चादर पोशी की रस्म अदा की जाएगी। दुआ खैर के बाद तबर्रुक तकसीम किया जाएगा । इसी दिन रात को ईशा की नमाज के बाद उलमाओं की तकरीर होगी ।दूसरे दिन 17 मई को मगरीब की नमाज के बाद दरबारी कव्वाल अपना कलाम पेश करेंगे । इसी तरह 18 मई को सुबह 10 बजे कुल शरीफ की फातिहा होगी । उसके बाद आम लंगर का एहतमाम किया जाएगा।

### विद्यार्थियों ने किया राज्य का नाम रौशन

**रायपुर, 15 मई।** रायन इंटरनेशनल शाला के विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं




व बारहवीं बोर्ड की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर राज्य का नाम रौशन किया है। दसवीं में दिशिता ने 96.8 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बारहवीं विज्ञान संकाय के छात्र अंकज सुधीर टिचकुले ने 92.4 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में शशांक श्रीवास्तव ने 96.2 प्रतिशत अंक हासिल किया है। इसी तरह बारहवीं में आशुतोष झा ने 92.20 प्रतिशत, मिताली साहू 92.20 प्रतिशत, अशनीत कौर चावला 94.80 प्रतिशत, कृष्णा टांक 91.6 प्रतिशत तथा दसवीं में कृष्णबिन 96.00 प्रतिशत व स्नेहल ने 95.00 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। शाला के संस्थापक एएफ पिंटो तथा निदेशक डॉ. ग्रेस पिंटो ने विद्यार्थियों को बधाई दी है।

## मिनिमम कट सर्जरी से घुटनों का इलाज

**रायपुर, 15 मई।** अभी हाल ही में शहर के जाने-माने रामकृष्ण केयर अस्पताल के जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. अंकुर सिंघल ने रोबोटिक पद्धति एवं द्वारा एक जटिल नी रिप्लेसमेन्ट सर्जरी की। इस सर्जरी की खास बात यह थी मरीज के दोनों घुटने का जोड़ खराब हो चुका था और मरीज को गठियावात नामक घुटने की बीमारी थी। मरीज लगभग एक वर्ष से चल नहीं पा रहा था एवं करवट भी नहीं ले पा रही थी। गठियावात एवं नहीं चल पाने की वजह से उनकी जोड़ की हड्डियां कमजोर हो गई थी। उसने कई जगह दिखाया पर सभी जगह ऑपरेशन के लिये मना किया गया क्योंकि यह बहुत ही जटिल सर्जरी थी और इसलिये उसको सभी जगहों पर निराशा का सामना करना पड़ा। तत्पश्चात उन्होंने डॉ. अंकुर सिंघल को



दिखाया उसके बाद डॉ. अंकुर सिंघल ने बताया कि उनके दोनों घुटनें का नी रिप्लेसमेन्ट करना होगा तभी वह चल पायेंगी और डॉ. अंकुर सिंघल ने उनके दोनों घुटने का ऑपरेशन किया तत्पश्चात् उन्हें 3 घंटे बाद खड़ा किया जो मरीज एक वर्ष से चल नहीं पा रही थी वह चलने लगी और आज वह पूरी तरह स्वस्थ्य है, चल-फिर रही है उनका दर्द पूरी तरह खत्म हो चुका और वह बिल्कुल ठीक हो गयी है और अपने नियमित कार्य कर रही है। आज वह लगभग नियमित रूप से 2 कि.मी. आसानी से चल पा रही है। डॉ. अंकुर सिंघल ने बताया कि मरीजों में उनके द्वारा इज़ात की हुई इस मिनिममकट से जोड़ प्रत्यारोपण के बाद मरीजों की रिकवरी फस्ट होती है और जटिल से जटिल सर्जरी आसानी से की जा सकती है।

## आरक्षक के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 10 लाख की ठगी

**रायपुर, 15 मई।** आरक्षक के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर अधेड़ से 10 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेन्द्र सिंह मानसर 49 वर्ष ग्राम परसदा जांजगीर चांपा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरवीएच कालोनी जागृतिनगर में आरोपी जय वर्मा ने प्रार्थी के भाई भुपेन्द्र सिंह मानसर को छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख रुपए ऐंठ लिए। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26